

# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र



गिल के मुकाबले इस बल्लेबाज का फॉर्म भारत के लिए -पेज: 7

धनुष से सीखा कम बोलकर भी ए ट में डूब जाना... -पेज: 8

वर्ष: 01 | अंक: 246 | सोमवार 15 दिसंबर 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2 रुपए

## थाइन के तीन गोदामों में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**महाराष्ट्र एजेंसी:** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रविवार अपराह्न तीन गोदामों में आग लग गई, जिससे औद्योगिक क्षेत्र में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि भिवंडी कस्बे के गायत्री नगर स्थित तीन गोदामों में अपरा करीब 2.30 बजे आग लगने की सूचना मिली, और अभी यह पता नहीं चल पाया है कि वहां क्या रखा हुआ था। भिवंडी निजामपुर नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख साकिब खरबे ने बताया कि कई दमकल वाहन मौके पर भेजे गए हैं और दमकलकर्मी आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया,अभी तक किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि आग को आसपास की इमारतों में फैलने से रोकने की कोशिश की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि आग लगने का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# दिल्ली में 'वोट चोरी' पर कांग्रेस का हल्ला बोल, रामलीला मैदान की महारैली में गरजेंगे खरगे-राहुल

**नई दिल्ली एजेंसी:** कांग्रेस पार्टी ने कथित वोट चोरी और चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ियों के आरोपों को लेकर आज दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया है। पार्टी का आरोप है कि चुनाव प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हो रही हैं और इसमें सरकार तथा चुनाव आयोग की मिलीभगत से लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। कांग्रेस का कहना है कि इसी मुद्दे पर जनता को जागरूक करने और दबाव बनाने के उद्देश्य से यह रैली आयोजित की गई है। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के कई शीर्ष नेता शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रैली को संबोधित किया। इनके अलावा प्रियंका गांधी वाड्रा, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और सचिन पायलट जैसे वरिष्ठ नेता भी



मंच पर मौजूद रहे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के भी कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना जताई गई थी। रैली से पहले कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता और सांसद पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में एकत्र हुए और वहां से रामलीला मैदान के लिए रवाना हुए। पार्टी ने इस प्रदर्शन को संसद से सड़क तक लड़ाई का अगला चरण बताया है। खड़गे का सरकार और गृहमंत्री पर तीखा हमला दिल्ली में ह्यवोट चोरीह्ल के खिलाफ आयोजित कांग्रेस की मेगा रैली को संबोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार और गृहमंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा। खड़गे ने कहा कि संसद में जवाब देना एक बात है, लेकिन सरकार ने कांग्रेस द्वारा उठाए गए सवालों का सीधा और स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि गृहमंत्री ने संसद में अपने मन से जवाब दिए और गलत जानकारी पेश की। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस ने स्पष्ट रूप से पूछा था कि वोट किस तरह और किन तरीकों से चोरी किए गए। इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने सबूतों

### रैली को मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने...

**कांग्रेस ने कथित वोट चोरी और चुनावी गड़बड़ियों के आरोपों को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ा प्रदर्शन किया। रैली को मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने संबोधित किया। कांग्रेस ने सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए और राष्ट्रपति को ज्ञापन...**

के साथ अपनी बात रखी, इसके बावजूद सरकार ने सच्चाई से मुंह मोड़ लिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि महाराष्ट्र, हरियाणा और आनंद जैसी जगहों पर बनी सरकारें वोट चोरी के जरिए सत्ता में आई हैं। उन्होंने कहा कि आज सत्ता में बैठे लोग जनता की वास्तविक पसंद से नहीं, बल्कि चुनावी गड़बड़ियों के दम पर चुने गए हैं। खड़गे ने दोहराया कि कांग्रेस इस कथित सच्चाई को देश की जनता तक पहुंचाने का काम करेगी। बीजेपी का पलटवार कांग्रेस की इस रैली पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर एक पोस्ट में कहा गया, तुम घुसपैठिए की सेवा में लगे रहो, हम देश की जनता की सेवा करते रहेंगे! इसके अलावा बीजेपी प्रवक्ता अमित मालवीय ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भी चुनाव परिणाम राहुल गांधी के पक्ष में नहीं आते, तो वे ईवीएम और वोट चोरी पर सवाल उठाने लगते हैं। वहीं, जब जीत मिलती है तो उसी प्रक्रिया को स्वीकार कर लेते हैं। अमित मालवीय ने कहा कि लोकतंत्र चयनात्मक भरोसे पर नहीं चल सकता। हार के बाद सिस्टम को बदनाम करना जनता के विश्वास को कमजोर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि बिना ठोस सबूतों के चुनाव परिणामों पर सवाल उठाना राजनीतिक विश्वसनीयता और लोकतांत्रिक नैतिकता पर सवाल खड़े करता है। बीजेपी प्रवक्ता ने विपक्ष से आत्ममंथन करने और संस्थाओं के सम्मान के साथ जिम्मेदार नेतृत्व दिखाने की अपील की। विपक्षी दलों को नहीं मिला न्योता कांग्रेस की वोट चोरी के खिलाफ इस रैली के लिए किसी भी अन्य विपक्षी दल के नेताओं को आमंत्रित नहीं किया गया है। पार्टी का कहना है कि यह अभियान पूरी तरह कांग्रेस के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। कांग्रेस के मुताबिक, कथित

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस : नितिन गडकरी समेत नेताओं ने देशवासियों को दिया ऊर्जा बचत का संदेश


**नई दिल्ली एजेंसी:** देश में रविवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राज्यमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देशवासियों को इस मौके पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने लोगों को खास संदेश देते हुए ऊर्जा को सोच-समझकर और जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने का संकल्प लेने को कहा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, आइए हम ऊर्जा का समझदारी और जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने का संकल्प लें। हर छोटा प्रयास, बिजली बचाना, स्वच्छ ऊर्जा चुनना, कचरा कम करना, हमारे ग्रह की रक्षा करने में मदद करता है। साथ मिलकर, आज सोच-समझकर ऊर्जा के विकल्प चुनकर हम आने वाली पीढ़ियों के



लिए एक स्थायी, मजबूत भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक्स पर लिखा, राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आइए, इस अवसर पर हम सभी पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा को संरक्षित करने, अनावश्यक दोहन न करने एवं अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर व स्वच्छ वातावरण देने का संकल्प करें। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने लिखा, राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर हमें पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा संरक्षण के लिए संकल्प लेकर और ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को रोकने के लिए सभी को प्रेरित कर एक बेहतर भविष्य के लिए अपना योगदान दें राजस्थान के मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट कर बताया, ह्मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बीते दो वर्ष में, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत निर्णय किए गए हैं। निवेश की राह में आने वाली बाधाओं को दूर किया गया है। सौर परियोजनाओं को गति दी गई है। भूमि आवंटन की प्रक्रियाओं को सुगम बनाया गया है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने लिखा, समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं! आइए, ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग, नवीकरणीय संसाधनों के विस्तार और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहते हुए एक सतत, स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य के निर्माण का संकल्प लें।

## 'वोट चोरी' का आरोप, बीजेपी की 'वॉशिंग मशीन' पर तीखा वार, प्रियंका गांधी का मोदी सरकार पर हल्लाबोल

**नई दिल्ली एजेंसी:** कांग्रेस पार्टी ने 'वोट चोरी' के मुद्दे पर अपना अभियान तेज करते हुए रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक बड़ी महा रैली का आयोजन किया। इस दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। संसद में जनता के मुद्दों पर चर्चा से इनकार करती है सरकार प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि जब संसद में मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और वोट चोरी का मुद्दा उठाया, तो मोदी सरकार ने बहस करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'सरकार ने कहा कि हम पहले 'वंदे मातरम्' पर चर्चा करेंगे, फिर वोट चोरी पर बात करेंगे। सदन में हम 'वंदे मातरम्' पर चर्चा करते रहे, लेकिन मोदी सरकार में



जनता के मुद्दों पर बात करने की हिम्मत नहीं दिखी।' बीजेपी की 'वॉशिंग मशीन' पर साधा निशाना प्रियंका गांधी ने बीजेपी पर दबाव की राजनीति का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले आम चुनाव में मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला गया, कांग्रेस का बैंक अकाउंट बंद कर दिया गया और बेबुनियाद आरोप लगाए गए। उन्होंने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'जिन लोगों का दिल कमजोर था... वो बीजेपी में शामिल हो गए। जैसे-जैसे लोग बीजेपी में शामिल होते गए, बीजेपी की 'वॉशिंग मशीन' में धुलकर साफ होते गए।' चुनाव आयोग पर भड़की प्रियंका प्रियंका गांधी ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा, 'मैं चुनौती देती हूं- बीजेपी एक बार बैलेट पेपर पर निष्पक्ष चुनाव लड़ ले। ये कभी नहीं जीत पाएंगे और ये बात बीजेपी भी जानती है।' उन्होंने साफ कहा कि आज बीजेपी को चुनाव आयोग की जरूरत है, क्योंकि उसके बिना नरेंद्र मोदी चुनाव नहीं जीत सकते। उन्होंने चुनाव आयोग के तीन अधिकारियों, ज्ञानेश कुमार, सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी, के नाम लेते हुए कहा कि यह देश इन तीन चुनाव आयुक्तों के नाम नहीं भूलेगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों ने लोकतंत्र पर वार किया है, और इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है जब पूरा विपक्ष चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं कर रहा है। आवश्यक मुद्दों पर सरकार विफल कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और महिला सुरक्षा जैसे जरूरी मुद्दों पर सदन में चर्चा न करने का गंभीर आरोप लगाया।

## पंकज चौधरी बने उत्तर प्रदेश बीजेपी के नए अध्यक्ष, सीएम योगी समेत अन्य नेताओं ने दी बधाई

**नई दिल्ली एजेंसी:** महाराजगंज से सातवीं बार लोकसभा सांसद और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश का नया अध्यक्ष चुन लिया गया है। शनिवार को उनके खिलाफ अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया था। केंद्रीय चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल ने रविवार को पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश बीजेपी के 17वें अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। 1980 में बीजेपी उत्तर प्रदेश के गठन के बाद से पंकज चौधरी यह पद संभालने वाले 17वें नेता हैं। इस दौरान राष्ट्रीय परिषद के 120 सदस्यों के नामों की भी घोषणा की गई। घोषणा के बाद पंकज चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य बीजेपी नेताओं ने उन्हें बधाई दी। 2027 चुनाव पर फोकस पंकज चौधरी के




नेतृत्व पर बीजेपी नेताओं ने अपना भरोसा जताया है। सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि यह बीजेपी और अन्य पार्टियों के बीच का फर्क है, जहाँ एक पार्टी कार्यकर्ता भी अध्यक्ष बन सकता है, जबकि अन्य पार्टियों में परिवार के सदस्य ही अध्यक्ष बनते हैं। उत्तर प्रदेश के मंत्री राकेश सचान ने कहा कि पंकज चौधरी के नेतृत्व में पार्टी कुशलता से काम करेगी और 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए एक रोडमैप तैयार करेगी, जिसका लक्ष्य जीत हासिल करना होगा। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि लंबे समय बाद नए अध्यक्ष चुने जाने से पार्टी कार्यकताओं में काफी उत्साह है और इससे नई ऊर्जा आएगी।

मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिन है और प्रधानमंत्री मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विकास का विजन नए अध्यक्ष के समर्थन और प्रयासों से जमीन पर उतरेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 में राज्य में फिर से पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

## बॉन्डी बीच पर हुए भयानक हमले की पीएम मोदी ने की कड़ी निंदा, पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई

**नई दिल्ली एजेंसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में हुए भयानक आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। इस हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पीएम मोदी ने घटना पर क्या कहा पीएम मोदी ने सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए हमले को 'भयानक आतंकवादी हमला' बताया। उन्होंने भारत के लोगों की ओर से पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। पीएम मोदी ने कहा, 'आज ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर यहूदी त्योहार हनुक्का के पहले दिन जश्न मना रहे लोगों को निशाना बनाकर किए गए भयानक आतंकवादी हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं। दुख की इस घड़ी में हम ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ खड़े हैं।' उन्होंने आगे कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस रखता है और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करता



है। जयशंकर ने भी जताया दुख विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी इस हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हनुक्का त्योहार के दौरान हुए आतंकी हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। हनुक्का उत्सव के दौरान हुई गोलीबारी यह भयानक गोलीबारी उस समय हुई, जब यहूदी समुदाय के लोग शाम को हनुक्का (रोशनी का त्योहार, जो आठ दिनों तक मनाया जाता है) का जश्न मना रहे थे।

## कांग्रेस ने मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर साधा निशाना, इस्तीफे की मांग की

**नई दिल्ली एजेंसी:** कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के इस्तीफे की शनिवार को मांग की और दावा किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि रक्षक ही भक्षक बन गए हैं। राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इन आरोपों को खारिज किया और विपक्षी पार्टी से उस समय को याद करने को कहा जब वह राज्य में सत्ता में थी। यादव ने 13 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और उनके पास गृह विभाग का प्रभार भी है। कांग्रेस विधायक एवं राज्य के पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाते हुए कहा कि अब मध्य प्रदेश में अराजकता की स्थिति है और पद पर दो साल पूरे कर लेने वाले यादव को इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि पिछले साल एक जनवरी से इस साल 31 अक्टूबर के बीच अलग-अलग अपराधों के सिलसिले में 329 पुलिसकर्मियों पर आरोप लगाए





गए हैं, जिनमें भोपाल के 48 पुलिसकर्मी शामिल हैं। बच्चन ने कहा, रक्षक ही भक्षक बन गए हैं। मध्यप्रदेश के इतिहास में यह पहली बार है कि सिवनी जिले में एक हवाला गिरोह के सिलसिले में एक अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, एक नगर निरीक्षक और एक उप निरीक्षक को जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इस साल अक्टूबर में भोपाल में एक छात्र और अशोकनगर जिले में एक ग्रामीण की कथित पुलिस ज्यादती के कारण मौत हो गई, जिसके बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मीडिया खबरों के आधार पर पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया।

कांग्रेस नेता ने यह भी दावा किया कि पिछले साल एक जनवरी से इस साल 30 जून के बीच पुलिसकर्मियों पर 461 हमले हुए, जिसमें 612 पुलिसकर्मी घायल हुए और पांच की मौत हो गई। मध्यप्रदेश भाजपा प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस को अपना शासन नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस यादव जी पर झूठे, निराधार और गैर-जिम्मेदाराना आरोप लगा रही है। पुलिस संविधान के अनुसार काम कर रही है

# इस बार ईवीएम नहीं, बैलेट पेपर से कराए जाएंगे झारखंड में नगर निकाय चुनाव, सामने आई ये वजह

**झारखंड एजेंसी:** झारखंड में नगर निकाय चुनाव पहली बार बैलेट पेपर के जरिए कराए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर यह अहम निर्णय लिया है। अब तक राज्य में जब भी नगर निकाय चुनाव हुए हैं, उनमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का ही इस्तेमाल किया जाता रहा है। बैलेट पेपर से मतदान होने के कारण चुनाव प्रक्रिया अपेक्षाकृत अधिक जटिल होगी और मतदान से लेकर मतगणना तक निर्वाचनकर्मियों को अतिरिक्त सावधानी और मेहनत करनी पड़ेगी। जानकारी के अनुसार दिसंबर से जनवरी के बीच चुनाव कराए जाने की तैयारी है और इसकी तिथियों की घोषणा जल्द की जाएगी। राज्य में कुल 49 नगर निकायों में चुनाव होने हैं। इनमें 9 नगर निगम, 18 नगर परिषद और 22 नगर पंचायत शामिल हैं k"इस बार नगर निकाय चुनाव बैलेट पेपर से होगा" राज्य निर्वाचन आयोग ने यह फैसला ईवीएम की अनुपलब्धता के कारण लिया है। आयोग के पास उपलब्ध ईवीएम की आयु पूरी हो चुकी है और जरूरत के मुताबिक मशीनें उपलब्ध नहीं हैं। दूसरे राज्यों से ईवीएम लेने की कोशिश भी सफल नहीं हो सकी। बिहार समेत झारखंड के पड़ोसी



राज्यों ने ईवीएम उपलब्ध कराने में असमर्थता जता दी है। वहीं, ईवीएम बनाने वाली कंपनी ने नई मशीनें उपलब्ध कराने के लिए करीब एक वर्ष का समय मांगा है। इन परिस्थितियों को देखते हुए आयोग ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने का निर्णय लिया। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने बताया, 'इस बार नगर निकाय चुनाव बैलेट पेपर से होगा। मेरे पास जो ईवीएम हैं, उनकी आयु समाप्त हो चुकी है। दूसरे राज्यों ने भी ईवीएम देने से इनकार कर दिया है। नई ईवीएम के लिए कंपनी ने एक साल का समय मांगा है। इन सभी वजहों से बैलेट पेपर के जरिए मतदान कराने का निर्णय लिया गया है।' "मतदाता दोनों बैलेट पेपर पर अपने मत दर्ज करेंगे" प्रसाद ने बताया, नगर निकाय चुनाव में मतदाताओं को दो अलग-अलग रंगों के बैलेट पेपर दिए जाएंगे। अध्यक्ष पद के लिए एक रंग का बैलेट पेपर होगा, जबकि वार्ड सदस्य के लिए अलग रंग का। मतदान के दौरान मतदाता दोनों बैलेट पेपर पर अपने मत दर्ज करेंगे और उन्हें अलग-अलग बैलेट बॉक्स में डालना होगा। इससे मतों की पहचान और गणना में आसानी होगी। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, बैलेट बॉक्स की पर्याप्त संख्या उपलब्ध है। जिलों में मतदान केंद्रों की संख्या के आधार पर बैलेट बॉक्स का आकलन कर लिया गया है। पुराने ब्लैक बॉक्स की रंगाई-पुताई का काम भी शुरू कर दिया गया है, ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराई जा सके। इधर, बैलेट पेपर की छपाई को लेकर भी आयोग ने तैयारी तेज कर दी है। आमतौर पर बैलेट पेपर की छपाई कोलकाता में कराई जाती थी, लेकिन इस बार स्थानीय स्तर पर रांची में ही प्रिंट कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए प्रिंटिंग प्रेस के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आयोग का कहना है कि इससे समय की बचत होगी और चुनाव की तैयारियों में तेजी आएगी।

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को किसानों से कहा कि धरती का स्वास्थ्य सही रहेगा तभी सृष्टि बची रहेगी। बाराबंकी के दौलतपुर ग्राम में आयोजित प्रगतिशील किसान सम्मेलन तथा खेती की बात खेत पर नामक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी...**

## संपादकीय

# पर्यावरण या प्रदूषण की चिंता नहीं

जिस दौर में सरकारों की मेधा पर्यावरण संरक्षण कानूनों को इस तरह तोड?- मरोड? में लगी हो, जिससे ये प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन में आड़े ना आएं, उनसे किसी प्रकार के हल की उम्मीद रखना बेबुनियाद ही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र पर छाये स्मॉग से जल्द राहत मिलने की संभावना नजर नहीं आती। इसका खतरनाक प्रभाव यहां के बाशिंदों पर हो रहा है। खुद भारत सरकार ने कहा है कि अस्पतालों में सांस संबंधी मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जिनका सीधा संबंध प्रदूषित हवा से है। स्वास्थ्य राज्यमंत्री विक्रमजीत एस. साहनी ने राज्यसभा में बताया कि 2022 से 2024 तक सांस संबंधी दो लाख मरीजों को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। बाल रोग विशेषज्ञों के हवाले से छपी एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि जहरीली हवा के दुष्प्रभाव से त्वचा रोग के मामले बढ़े हैं। खासकर इसका शिकार बच्चे हो रहे हैं।

बुजुर्गों के लिए बाहर निकलना कितना जोखिम भरा हो गया है, सोशल मीडिया ऐसी चचाओं से भरा-पड़ा है। मगर इतना गंभीर हाल होने के बावजूद हुक्मरान बेफ्रिक्र बने हुए हैं। जब कभी सूरत बेहद बिगड़ जाती है, तो वे पंजाब में पराली जलने की चर्चा कर अपने कर्त्तव्य से मुक्त हो जाते हैं! ये दलील बेतुकेपन की इस हद तक पहुंच चुकी है कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने अधिकारियों को ऐसा बहाना ना बनाने की सलाह दी। उचित ही उन्होंने कहा कि प्रदूषित हवा की वजहें ढांचागत रूप ले चुकी हैं। समाधान उनका ढूंढा जाना चाहिए। मगर जिस दौर में सरकारों की मेधा पर्यावरण संरक्षण कानूनों को इस तरह तोड?- मरोड? में लगी हो, जिससे प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन की गुंजाइश मिल जाए, उनसे ऐसे हल की उम्मीद रखना बेबुनियाद ही है।

हाल में अरावली पहाडि?ों में खनन के बारे में जैसे दिशा-निर्देश तैयार किए गए हैं, उनसे साफ है कि सत्ताधारी नेताओं को पर्यावरण या प्रदूषण की तनिक भी चिंता नहीं है। अभी कुछ वर्ष पहले तक इस सीजन में स्मॉग छाने पर ऑड- इवन जैसे परिवहन नियमों पर बात होती थी। उससे कम-से-कम यह तो जरूर होता था कि लोगों में जागरूकता आती थी। लेकिन अब वैसी भी कोई फिक्र नजर नहीं आती। अब तो बस ये कोशिश है कि जब तक ये सीजन निकल नहीं जाता, सूरत पर जितना संभव है परदा डाले रखा जाए!

## चिंतन-मनन

# बाहरी विकार

एक व्यक्ति संन्यासी के पास पहुंचा और बोला, बाबाजी! मुझे परमात्मा से मिला दो। संन्यासी ने बात टालनी चाही। लेकिन वह अपनी बात पर अड़ा रहा। संन्यासी ने उसकी भावना परखने की दृष्टि से कहा, भगवान से मिलना है तो कल आना होगा। दूसरे दिन फिर यही उत्तर मिला। लेकिन वह निराश नहीं हुआ, निरन्तर आता रहा। संन्यासी ने देखा,इसे शब्दों से समझाना कठिन है। आखिर उसे एक युक्ति सूझी। कहा, परमात्मा से मिलने के लिए तो ऊपर चढ़ना होगा। उसने स्वीकृति दे दी। संन्यासी ने उसके सिर पर पांच बड़े-बड़े पत्थर रखे और पहाड़ की चढ़ाई पर चढ़ने के लिए कहा। दो चार कदम चला होगा कि उसकी सांस फूलने लगी और वह वहीं रूक गया।

संन्यासी बोले, यहां बैठने से भगवान नहीं मिलेंगे। वह साहस बटोरकर चला, लेकिन असफल रहा। संन्यासी ने उसके सिर पर से एक पत्थर उतार दिया। वह कुछ दूर चला फिर रूक गया। चलते-चलते पांचों पत्थर नीचे गिरा दिए गए। वह पहाड़ की चोटी पर पहुंच गया।

संन्यासी बोला- समझे या नहीं।

उसने उत्तर दिया- मैं कुछ नहीं समझा। आप समझा दीजिए।

संन्यासी- जब तक तुम्हारे सिर पर पत्थर थे, तुम चल नहीं सके और हल्के होकर चोटी तक पहुंच गए। इन बाहरी पत्थरों में भी इतनी शक्ति है तो हमारे भीतर काम, प्रोध, मद, लोभ और भय रूप जो पांच बड़े-बड़े पत्थर हैं, उनको उतारे बिना भगवान तक कैसे पहुंचोगे? इसलिए इन पाषाणों से हल्का बनने के लिए साधुओं का सान्निध्य पाना आवश्यक है।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# जरूरी है ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता



योगेश कुमार गोयल

ऊर्जा मंत्रालय के अधीनस्थ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को ह्यराष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवसह्ल का आयोजन किया जाता है। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया गया था। दरअसल दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है लेकिन दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्त्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है।

विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया ह्यराष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियानह्ल एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन ह्यऊर्जा दक्षता ब्यूरोह्ल स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाईट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है। अपनी पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्ल में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि किस प्रकार छोटे-छोटे स्तर पर ऊर्जा संरक्षण के लिए कदम उठाकर भी प्रत्येक नागरिक देश के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान में बहुत बड़ी मदद दे सकता है और इस प्रकार बड़ी मात्रा में ऊर्जा संरक्षण किया जा सकता है। अगर ऐसे ही कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्बों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया जाए। आई.एस.आई. चिन्हित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, ए.सी., हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाए जाएं तो प्रचण्ड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे।

सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है, वहीं तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऑफिस में यदि पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी का व्यवस्था हो तो इससे ऊर्जा संरक्षण होने के साथ-साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है। प्रतिवर्ष देश में हजारों गैलन पानी बर्बाद होता है, इसलिए ऊर्जा संरक्षण की बात करते समय जल की बबार्दी को रोकने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना भी बेहद जरूरी है। न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतें पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा लेकिन ऊर्जा के संसाधन गैर-अक्षय हों या अक्षय, हमें अपने जीवन में ऊर्जा के महत्व को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना ही होगा। देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि ऊर्जा चाहे किसी भी रूप में हो, वह उसे व्यर्थ में नष्ट न करे। अपने और आने वाली पीढ़ियों के सुखद भविष्य के लिए हमें अपने व्यवहार में ऊर्जा संरक्षण की आदतों को शामिल करना ही होगा।

# पाक में हिन्दू-सिख अल्पसंख्यकों की चिन्ताजनक तस्वीर



ललित गर्ग

पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के हालात पर उठती चिंताएँ कोई नई बात नहीं हैं, पाक में हिन्दू-सिख अल्पसंख्यकों पर किस कदर अत्याचार हो रहे हैं और यह समस्या दिन-ब-दिन गहरी होती गयी है। लेकिन हाल ही के आधिकारिक आँकड़ों ने एक बार फिर इस सच्चाई को निर्मम रूप से सामने ला दिया है कि वहाँ रहने वाले हिंदू और सिख किस हद तक उत्पीड़न और भय के माहौल में जी रहे हैं। पाकिस्तान की संसदीय अल्पसंख्यक समिति ने स्वयं स्वीकार किया है कि वर्ष 1947 में वहाँ 1817 हिंदू मंदिर और गुरुद्वारे विद्यमान थे, लेकिन आज इनकी संख्या सिमटकर मात्र 37 रह गई है। यानी 1285 हिंदू मंदिर और 532 गुरुद्वारों का या तो अस्तित्व मिटा दिया गया, या उन पर जबरन कब्जा कर लिया गया, अथवा उन्हें जानबूझकर खंडहर में बदल दिया गया। यह आँकड़ा सिर्फ किसी धार्मिक स्थल का नहीं, बल्कि एक सभ्यता, एक संस्कृति और एक समुदाय के आत्मसम्मान व अस्तित्व की धीमी हत्या का प्रमाण है। यह पाक की अमानवीयता एवं संकीर्ण साम्प्रदायिक सोच का त्रासद सोच का प्रमाण है।

आधुनिक संसार में किसी भी राष्ट्र की पहचान केवल उसके आर्थिक विकास, सैन्य ताकत या राजनीतिक स्थिरता से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने नागरिकों-विशेष रूप से अल्पसंख्यकों को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। धार्मिक स्वतंत्रता किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियादी शर्त है, लेकिन पाक में यही बुनियाद डांवाडोल होती दिखाई देती है। मंदिरों और गुरुद्वारों को ध्वस्त करना, उन्हें खंडहर होने के लिए छोड़ देना, या बहुसंख्यकों द्वारा उन पर कब्जा कर लेना महज भौतिक आक्रमण नहीं, बल्कि भारतीय मूल के समुदायों की संस्कृति, उनकी स्मृतियों और उनकी पहचान पर गहरा प्रहार है। यह भारतीयों के प्रति और विशेषतः हिन्दुओं के प्रति पाक के विकृत एवं संकीर्ण दृष्टिकोण का द्योतक भी है। जब एक समुदाय अपने आराधना-स्थलों से वंचित किया जाता है, तो उसका सामाजिक मनोबल टूटता है, सुरक्षा-बोध क्षीण होता है और उनमें विस्थापन की भावना गहरी पैठ बना लेती है। यही कारण है कि पाकिस्तान बनने के समय वहाँ लगभग 15 प्रतिशत हिंदू-सिख आबादी थी, जो आज घटकर 1.6 प्रतिशत से भी कम रह गई है। जबकि भारत में मुस्लिमों की आबादी करीब 2 प्रतिशत से आज 23-24 प्रतिशत हो गयी है।

धार्मिक कट्टरता और असहिष्णुता की इस प्रवृत्ति ने पाक को न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम किया है, बल्कि उसकी आंतरिक सामाजिक संरचना को भी खोखला कर दिया है। प्रश्न यह नहीं कि मंदिर गिराए गए या गुरुद्वारों पर कब्जा हुआ, बल्कि यह कि ऐसा करने की मानसिकता क्यों पनपती रही और राज्य की संस्थाएँ इस विनाश को रोकने में क्यों असमर्थ या अनिच्छुक बनी रहीं? जिस समय विश्व के अनेक मुस्लिम देश धर्मनिरपेक्षता और सांस्कृतिक सह-अस्तित्व की ओर बढ़ रहे हैं, पाकिस्तान लगातार अपने भीतर कट्टरता, कटुता और धार्मिक बहिष्कार की आग को पोषित करता रहा है। संयुक्त अरब अमीरात में भव्य स्वामीनारायण मंदिर से लेकर सऊदी अरब में भारतीय कर्मचारियों के लिए पूजा स्थल की व्यवस्था तक-यह उदाहरण बताते हैं कि इस्लामिक देशों में भी आधुनिकता और धार्मिक सहिष्णुता का समन्वय संभव है। ओमान, बहरीन, कुवैत, कतर और इंडोनेशिया जैसे देशों में मंदिरों और अन्य अल्पसंख्यक धार्मिक स्थलों का संरक्षण न केवल वहाँ के उदार वातावरण को दशार्ता है, बल्कि यह भी कि वे समझते हैं कि विविधता ही प्रगति का असली आधार है। इंडोनेशिया में सैकड़ों हिंदू-बौद्ध मंदिर संरक्षित हैं। यही कारण है कि हिंदू प्रोफेशनल्स और भारतीय पर्यटक इन देशों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बने हुए हैं। इसके ठीक विपरीत पाकिस्तान की उल्टी सोच ने उसे बर्बाद कर दिया है। इसके उलट पाकिस्तान की सोच न केवल प्रतिगामी है, बल्कि आत्मविनाश की ओर ले जाने वाली भी है। धार्मिक स्थलों का विनाश केवल अतीत का मामला नहीं; आज भी कई स्थानों पर हिंदू और सिख परिवार सामाजिक दबाव, जबरन धर्मांतरण, अपहरण और उत्पीड़न जैसी समस्याओं से जूझते रहते हैं। मंदिरों पर हमला सिर्फ पत्थरों की दीवारें गिराने भर की घटना नहीं, यह उन लोगों की आस्था और अस्तित्व पर चोट है जो पीढ़ियों से इस भूमि का हिस्सा रहे हैं। ये वे लोग हैं, जिन्होंने विभाजन के घावों के बावजूद अपनी मिट्टी, अपनी स्मृतियों और अपने इतिहास से नाता नहीं तोड़ा, परंतु बदले में उन्हें जो मिला वह भय, अपमान और अविश्वास का माहौल है। पाकिस्तान की समस्या सिर्फ कट्टरपंथ की नहीं, बल्कि उस संरचनात्मक असमानता की भी है जिसे राज्य ने वर्षों तक प्रश्रय दिया है। यदि शासन-व्यवस्था अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों की रक्षा नहीं कर सकती, यदि पुलिस और प्रशासन अत्याचारों पर कार्रवाई नहीं करते, यदि न्यायपालिका पीड़ितों की सुनवाई नहीं करती, तो स्पष्ट है कि राष्ट्र अपनी आत्मा खो चुका है। दुनिया के किसी भी देश की प्रगति का मापक यह नहीं कि उसकी जीडीपी कितनी है, बल्कि यह कि उसके सबसे कमजोर नागरिक कितने सुरक्षित हैं। आज पाकिस्तान की छवि एक ऐसे राष्ट्र की बन चुकी है, जहाँ अल्पसंख्यकों के जीवन, आस्था और अस्तित्व को निरंतर खतरा है। पाकिस्तान की सरकारें वर्षों से जिस कट्टरवादी सोच और भारत-विरोधी नजरिए को अपना आधार बनाती रही हैं, वह न केवल विश्व समुदाय में उसकी छवि को गिरा रहा है, बल्कि स्वयं पाकिस्तान को भी विनाश के कगार पर पहुँचा चुका है। आतंकवाद को रणनीतिक औजार बनाकर और सैन्य खर्चों को अनियंत्रित रूप से बढ़ाकर उसने अपने ही देश की आर्थिक रीढ़ तोड़ दी है। दुनिया जब भारत की धरती से गूंजे 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के मंत्र को अपनाकर सहयोग, शांति तथा वैश्विक भाईचारे की दिशा में आगे बढ़ रही है, तब पाकिस्तान कट्टरवाद की राजनीति को सहारा देकर मानवता को विभाजित करने में जुटा हुआ है। भारत के प्रति उसकी शत्रुतापूर्ण मानसिकता, सीमापार आतंकवाद का समर्थन और विश्व बिरादरी में हानिकारक कदम आज विश्व शांति के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुके हैं। ऐसी नासमझ नीतियों ने पाकिस्तान को विकास, स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय विश्वास-तीनों से वंचित कर दिया है।


# नैतिकता के पक्षधर थे-सरदार वल्लभ भाई पटेल

सरदार वल्लभभाई पटेल एक ऐसी शख्सियत थे ,जिन्होंने सिर्फ संकल्प शक्ति और मेहनत के बलबूते पर वो मुकाम बनाया ।जिसे किसी के लिए भी छू पाना मुमकिन नहीं है। उनकी असाधारण काबिलियत ही थी कि एक साथ 562 रियासतों का एकीकरण करके उन्होंने मिसाल कायम की। इस वजह से ही उन्हें आधुनिक भारत का चाणक्य माना जाता है।

सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के करमसद,नाडियाद ग्राम में हुआ था, इनके पिता का नाम झवेर भाई और मां का नाम लाड बाई था ।झबेर भाई मूलत बोरसद इलाके के करमसद गांव के रहने वाले थे और खेती किसानी किया करते थे। ,बल्लभ भाई सहित झवेर भाई के छ संताने थी, वल्लभभाई का बचपन माता पिता के साथ गांव में ही बीता यही पर इनकी प्रारंभिक शिक्षा हुई, इसके पश्चात माध्यमिक स्तर की शिक्षा उन्होंने नडियाद वह बड़ौदा से पूर्ण की ।

वल्लभभाई का बाल्यकाल माता -पिता के साथ गांव में ही बीता , गांव में ही इनकी प्रारंभिक शिक्षा हुई, इसके पश्चात माध्यमिक स्तर की शिक्षा इन्होने नडियाद व बडौदा से पूरी की।

वल्लभभाई के पिता झबेर भाई बड़े साहसी,संयमी और साहसी पुरुष थे,1857 की क्रांति के समय घर वालों को बिना बताए तीन साल तक घर से बाहर रहे।वही झांसी की महारानी लक्ष्मीबाई और नाना साहिब घोड़ोंपंत की सेना में भर्ती हुए, उन्होंने समस्त उत्तरी भारत का भ्रमण किया तथा स्वतंत्रता के लिए अनेक मर्तबा ब्रिटिश सेना के साथ युद्ध किया, पिता के संयम,साहस,वीरता और राष्ट्र भक्ति के गुण वल्लभभाई को संस्कार में प्राप्त हुए थे।वे बाल्यकाल से ही वक्त के अधिकतम उपयोग तथा अपने दायित्व के प्रति हर पल समर्पित रहते थे। राजनीति में दाखिल होने के पश्चात इन गुणों ने ही वल्लभभाई को हिन्दुस्तान के बिखरे हुए स्वरूप को एक सूत्र में पिरोने के लिए प्रेरित किया,उनकी दृढ निर्णय की प्रवृत्ति ने ही उन्हें लौह पुरुष कहलाने का सम्मान प्रदान किया तथा योग्य नेतृत्व के गुणों ने सरदार की पदवी से विभूषित करवाया, वल्लभभाई का विधार्थी जीवन अत्यंत परिश्रमी, उज्जवल एवं नैतिकता से पूर्ण रहा, इस स्तर पर ही उनमें भावी जीवन के शुभ लक्षण दिखाई देने लगे थे, वे नाडियाद में अध्ययनरत थे तभी उन्होंने विधालय की अव्यवस्थाओं के लिए आंदोलन किया,यहां स्कूल का एक शिक्षक पुस्तकों का व्यापार करता था तथा सभी शिक्षक उससे ही पुस्तक खरीदने के लिए विधार्थियों को बाध्य करते थे, बल्लभ भाई को शिक्षकों की यह बात उचित नहीं लगी, पटेल ने इसे नैतिकता का हनन मानकर विरोध स्वरूप आंदोलन प्रारंभ कर दिया, अंततः शिक्षकों को झुकना पड़ा,यह उनकी नैतिक सदप्रवृति का बेहतरीन उदाहरण था, अन्याय के प्रति संगठित विरोध की यह शुरूआत थी, बडौदा में आकर वल्लभभाई ने गुजराती विषय लिया,यहां छोटे लाल गुजराती पढ़ाते थे,मगर वे संस्कृत के प्रति अधिक समर्पत थे,



हालांकि संस्कृत नं पढ़ने वाले विधार्थियों को छोटे लाल कतई पसंद नहीं करते थे, पटेल जी ने भी संस्कृत नहीं ली थी अतः वे उनसे नाराज रहने लगे थे।

वल्लभभाई का अडिग व्यक्तित्व गलत बातों को कभी भी स्वीकार नहीं कर सका, अल्प समय बाद ही एक अन्य अध्यापक से उनका विवाद हो गया अतः, पटेल को स्कूल से निकाल दिया गया, पटेल पुन नाडियाद आ गए, सत्य पर अडिग रहने तथा अन्याय का हर हाल में विरोध करने की उनकी बचपन की प्रवृत्ति ही भविष्य में हिंदुस्तान को एकजुट करने का पूर्वाभ्यास सिद्ध हुई। वैसे भी सरदार वल्लभभाई पटेल का कहना था कि एकता के बिना जनशकित तब तक एक ताकत नहीं बन सकती ,जब तक उसे एकजुट कर सामंजस्य में न लाया जाये, तब यह एक आध्यात्मिक शक्ति बन जाती है, पटेल जी के व्यक्तित्व में दब्बूपन व दूसरों पर आश्रित रहने के भाव का समावेश कभी नहीं था,वे सदैव स्वतंत्र भाव से नैतिकता की रक्षा करते रहे, अपनी कबलियत, व्यवहार, वाक चातुर्य पर उन्हें पूरा भरोसा था, अपने इन्हीं गुणों के कारण गोधरा में वकालत करते वक्त ही उन्होंने खूब ख्याल अजिर्त कि वह हत्या जैसे संगीन मामलों में भी अपने तर्कों से सदैव प्रभावी बने रहते तथा लगभग प्रत्येक मामले में जीतते थे ।

जुलाई 1917 में बल्लभ भाई गुजरात क्लब के सेक्रेटरी चुने गए इन दिनों गांधीजी बिहार के चंपारण जिले में नील की खेती के अंग्रेज ठेकेदारों और जमीदारों द्वारा शोषित कृषकों के लिए गांव-गांव घूमकर उनके अधिकारों के लिए लड़ रहे थे ,उनके इस कार्य का देशव्यापी प्रभाव पड़ रहा था, गांधी जी ने मोतिहारी में चंपारण के चले जाने संबंधी मजिस्ट्रेट का आदेश मानने से दो टूक शब्दों में मना कर दिया और अपना काम जारी रखा, उन पर मुकदमा चला और इस मुकदमे में गांधीजी के बयान से देश भर में हड़कंप मच गया।

वल्लभ भाई व उनके मित्रों ने यह बयान समाचार पत्र में पढ़ा तथा गांधी जी के साहस से काफी प्रभावित हुए, इस घटना के पश्चात गांधीजी के प्रति वल्लभभाई के जहन में आदर भाव बढ़ा, जो उनके भावी राजनीतिक जीवन का सूत्रधार सिद्ध हुआ, वल्लभभाई 19 15 से ही गुजरात सभा के सदस्य थे,इस सभा ने सन 1917 में गोधरा में गांधी जी की अध्यक्षता में एक सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें अनेक कद्दावर नेता सम्मिलित हुए तथा प्रायः सभी ने हिंदी व गुजराती में भाषण दिया, यहां तक कि जिन्ना ने भी गुजराती में भाषण दिया, इस सम्मेलन में किसी ने भी अंग्रेजी में भाषण नहीं दिया,साथ ही ब्रिटिश ताज के प्रति वफादारी का प्रस्ताव पारित किया जाना समाप्त करवाया गया तथा इसे अनावश्यक करार दिया गया, अंग्रेजों और अंग्रेजी शासन का ऐसा विरोध पहली मर्तबा हुआ था ,इस बीच एक कार्यसमिति का गठन किया गया, जो परिषद का अधिवेशन होने तक कार्य करती रही।

इस समिति के गांधी जी स्वयं अध्यक्ष रहे तथा वल्लभभाई को मंत्री नियुक्त किया गया और इसका कार्यालय अहमदाबाद में रखा गया, अब तक देश में होम रुल की स्थापना हो चुकी थीऔर सारे देश में बेगार विरोधी आंदोलन गति पकड़ रहा था, परिषद का मंत्री होने के कारण उक्त कार्यक्रम को सफल करने का दायित्व वल्लभभाई पर ही था, वल्लभभाई ने अत्यंत ही उत्साह से कार्य प्रारंभ किया तथा कमिश्नर के साथ पत्र व्यवहार किया, शुरूआत में तो कमिश्नर ने न नुकुर की मगर वल्लभभाई ने सात दिन तक का नोटिस देकर स्पष्ट कर दिया कि यदि निर्धारित समय सीमा में उत्तर न दिया, तो वे हाईकोर्ट के निर्णय के आधार पर बेगार प्रथा को गैर कानूनी ठहराकर लोगों को बेगार देना बंद करने की सूचना दे देंगे, हालांकि कमिश्नर ने नोटिस की समयावधि समाप्त होने से पूर्व ही वल्लभभाई को बुलाकर सारी स्थिति स्पष्ट कर पटेल की अभिलाषा के अनुसार निर्णय दे दिया, गांधी जी वल्लभभाई की इस उपलब्धि से काफी खुश हुए,इस घटनाक्रम से गांधी जी के साथ उनका संपर्क बढ़ा और पटेल उनके विश्वासपात्र सहयोगी बन गये, पटेल की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उन्होंने वकालत करनी शुरू कर दी,महज तीन वर्षों में वकालत से इतनी धन राशि अजिर्त कर ली कि वह आसानी से विदेश जाकर वकालत का अध्ययन कर सकते थे, अतः उन्होंने 1905मे में टामस कुक एंड कंपनी के साथ पत्र व्यवहार किया तथा विदेश यात्रा के लिए टिकिट आदि का प्रबंध किया , इस बीच दुर्भाग्य से टामस कुक एंड कंपनी का पत्र बल्लभ भाई के बड़े भाई विट्ठल के हाथ लग गया,पत्र का मजूम पढ़ते ही उनके जहन में विदेश जाकर बैरिस्टरी पास करने की इच्छा जागृत हो गई, काफी संकोच के पश्चात उन्होंने वल्लभभाई से कहा कि मैं तुमसे बड़ा हूं, इसलिए मुझे बैरिस्टरी के लिए विदेश जाने दो , मेरे लौटकर आने के पश्चात तुम चले जाना, तुम्हें तो बाद में भी मौका मिल जाएगा, लेकिन तुम अभी चले गए तो मुझे जाने का मौका नहीं मिलेगा,मान मयार्दा के प्रति समर्पित भाव रखने वाले वल्लभ भाई ने बड़े भाई कि आज्ञा का पालन किया और उन्हें विदेश भेज दिया।

वल्लभभाई मे परिस्थितियों को अनुकूल बना लेने की अद्भुत क्षमता थी उन्हें विदेश, जाना था इसके लिए उन्होंने इंतजार किया, विट्ठल भाई के विदेश से लौटने के पश्चात अगस्त 1910 में वल्लभभाई विदेश जाने के लिए जहाज मैं सवार हो गए ,वहां पहुंचकर वैरिसटरी ?की पढ़ाई के लिए उन्होंने मिडिल टेंपल में दाखिल लिया, यह रोमन ला की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की, इतना ही नही बैरिस्टरी की परीक्षा में भी उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया,व उस साल का पुरस्कार वल्लभभाई तथा डेविस के मध्य में बाटा गया, बल्लभ भाई ने अपनी अंतिम परीक्षा जून 1912मे उत्तीर्ण की, जिसमें उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त हुआ , उन्हें 50 पौंड का नकद पुरस्कार मिला लौह पुरुष के नाम से ख्याति प्राप्त करने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल सदैव से ही धैर्यवान व आत्मसंयमी रहे हैं,बड़ी से बड़ी कठिनाई को भी हंसते हुए सहन कर लेना उनके व्यक्तित्व का अंग बन गया था, बल्लभ भाई की पत्नी झवेर बाद अस्वस्थ चल रही थी तथा जिस जगह वे वकालत करते थे, वहां स्वास्थ्य लाभ की उचित व्यवस्था न होने पर उन्हें भी मुंबई भेज दिया गया, इनके साथ मणिबेन व डाहया भाई भी मुंबई आ गए, लेकिन उनका उपचार करने वाले डॉक्टर ने बताया कि 15-20 दिन बाद दवाई से स्थिति सुधारने पर ही अंतड़ियों का आपरेशन होगा,यह सुनकर वल्लभभाई वापस लौट गए, तथा आपरेशन के समय बुलवा लेने के लिए कह गए,वे मुकदमे की पैरवी के लिए आनंद चले गए, इसी दौरान जरूरी होने पर डॉक्टर ने झबेर बा का आपरेशन कर दिया, आपरेशन की सूचना बल्लभ भाई पटेल को नहीं दी गई , आपरेशन सफल रहने पर तार से सूचना भेज दी गई, दुर्भाग्य से सूचना भेजने के दूसरे ही दिन झवेर बा की हालत बिगड़ गई और वे चल बसी,झबेर बा के निधन का समाचार जिस वक्त वल्लभभाई को प्राप्त हुआ उस वक्त वे एक हत्या के मुकदमे की पैरवी कर रहे थे,जो कि अत्यधिक संगीन मामला था तथा जरा सी भी चूक जीवन मरण का प्रश्न पैदा कर सकती थी, पटेल केलिए यह अप्रत्याशित व दुःखद क्षण था, किन्तु साथ ही वे धर्मसंकट में भी उलझ गए कि क्या करें,एक तरफ हत्या का संगीन मुकदमा, जिसमे महत्वपूर्ण गवाह से जिरह की जा रही थी, जिसमें कोताही बरतने पर उसे फांसी की सजा भी हो सकती थी,दूसरी और पत्नी के अंतिम दर्शन का प्रश्न था।

# औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा बेहद आवश्यक, बनाएं मजबूत रणनीति



**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि सुरक्षा मापदंडों को अपनाकर ही सुरक्षात्मक माहौल बनाया जा सकता है। सुरक्षा को बेहद आवश्यक बताते हुए उन्होंने सभी औद्योगिक इकाइयों से इसके लिए मजबूत रणनीति बनाने की बात कही। साथ ही कहा कि इसके लिए इकाई के मुख्य द्वार के पास ही कोई सुदृढ़ व्यवस्था कराई जाए ताकि आपातकालीन स्थिति में कोई परेशानी न होने पाए। इसके लिए 15 जनवरी तक का समय भी दिया। कहा कि इसके बाद लापरवाही सामने आने पर कार्रवाई भी की जाएगी। डीएम एवं एसपी द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व में जेबीएफ द्वारा आयोजित मिनी मैराथन के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। शनिवार को जिला ऑफ साइट आपात मॉक ड्रिल के तहत जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इससे पूर्व आफीसर्स क्लब में हुई बैठक में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने वहां आमंत्रित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के अधिकारियों से कहा कि सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। सुरक्षा चक्र इस कदर मजबूत हो कि आपातकालीन स्थिति में कोई अवरोध न होने पाए। उन्होंने इसके लिए इकाई के मुख्य द्वार के पास ही व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान जुबिलेंट में अमोनिया गैस का रिसाव होने पर सुरक्षा एवं बचाव के त्वरित कार्यों का मॉकड्रिल किया गया। वहां मौजूद अधिकारियों ने अत्याधुनिक उपकरणों से लैस जुबिलेंट की सुरक्षा टीम की प्रशंसा की। एसपी अमित कुमार आनंद ने इस तरह के आयोजन को बेहद आवश्यक बताया। इस मौके पर एडीएम गरिमा सिंह, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, मंडी धनौरा की सीओ अंजलि कटारिया, जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा, उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र कुमार सिंह, निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, डा.सुजिंदर फोगाट, सीएमओ डा. एसपी सिंह, डीडीएफ रविंद्र कुमार, एफएसओ अनुराग तोमर,एडीएफ अमित कुमार, त्रिवेणी शुगर मिल चंदनपुर से एके सिंह, बेस्ट क्राप एंड साइंस प्रा.लि.से शशांक सिंह वालियान, सुबोध कुमार, सुनील सिंह, विनय शुक्ला, अमित पांडेय, पुनीत तिवारी,कमलेश कुमार, मनीष मरीठिया, पवन दहिया,, वीरेंद्र सिंह नेगी,दिलीप पांडेय आदि के साथ ही विभिन्न औद्योगिक इकाइयों से आए अधिकारी मौजूद रहे।

# बेहतर कार्य करने पर शाखा अध्यक्ष हसनपुर को किया सम्मानित



**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** शनिवार को अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय मुरादाबाद पर उत्कृष्ट कार्य करने पर शाखा अध्यक्ष हसनपुर एवं उनकी टीम को सामाजिक परिवर्तन के सेनानी' नामक पुस्तक सौंपकर सम्मानित किया। और अधिक बेहतर ढंग से समाज हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह संघ बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के द्वारा रचित भारतीय संविधान में पूर्ण निष्ठा एवं आस्था रखता है। साथ ही समान उद्देश्यों वाली संस्थाओं का सहयोग करना है। उन्होंने सभी से समाज हित में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करने का आह्वान किया। सम्मानित होने के उपरांत हसनपुर शाखा अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि यह हमारी टीम के लिए गौरव का पल है। अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ पूरे देश में दलितों, शोषितों एवं पिछड़ों लोगों को एकजुट करने के लिए पूरे देश में बेहतर कार्य कर रहा है।उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ शाखा हसनपुर के अध्यक्ष रामवीर सिंह, महामंत्री विनोद कुमार गौतम, प्रकाश सिंह,बदन सिंह गौतम,सुभाष चंद्र, करणवीर सिंह,सुरेश सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# कार-बाइक की टक्कर में दो युवक घायल: ढक्का मोड़ के नजदीक हुआ हादसा, निजी अस्पताल में भर्ती

### आमने सामने कार-बाइक की टक्कर में दो युवक घायल



**सैदनंगली/अमरोहा (सब का सपना):-** थाना क्षेत्र के ढक्का मोड़ पर शनिवार सुबह एक कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।जानकारी के अनुसार, अल्लीपुर भूड़ शर्की निवासी आजम पुत्र नसीर अपने रिश्तेदार सद्दाम पुत्र जान मोहम्मद (निवासी अशोक विहार, थाना लोनी, जिला गाजियाबाद) के साथ सैद नगली किसी काम से जा रहे थे।जैसे ही दोनों बाइक सवार संभल मार्ग पर ढक्का मोड़ व सैद नगली के बीच पहुंचे, तभी संभल की दिशा से मेरठ जा रही एक कार से उनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। आजम पुत्र नसीर को गंभीर चोट लगने की वजह से मुरादाबाद रेफर कर दिया गया जिसका वहां पर उपचार चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर ने बताया कि कार चालक प्रदीप कुमार मेरठ जा रहे थे, जबकि बाइक सवार युवक सैद नंगली जा रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 106 ने किया रक्तदान, संत निरंकारी मिशन ने किया आयोजन



**अमरोहा:** संत निरंकारी सत्संग मिशन की तरफ से 25 महिलाओं समेत 106 लोगों ने अपनी इच्छा से रक्तदान किया। जिला अस्पताल से आई टीम ने रक्तदान कराया। रक्तदान करने वाले लोगों को आयोजकों ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उनकी रक्त की एक बूंद किसी की जिंदगी बचा सकती है। रविवार को हाईवे किनारे स्थित सत्संग भवन पर रक्तदान करने के लिए मिशन से जुड़े 140 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया। इनमें 25 महिलाएं भी शामिल थीं। जिला अस्पताल से आए डॉ.प्रमोद कुमार, शबनम यादव, सचिन कुमार शर्मा, ललित मौर्य, प्रीति, कनिका, कुंवरपाल सिंह ने रक्तदान कराया। सुबह 10.30 बजे से रक्तदान शुरू हुआ। 25 महिलाओं समेत 106 लोगों ने रक्तदान किया। मंडी धनौरा विधायक राजीव तरारा, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, विपिन सागर ने रक्तदान शिविर में जाकर उन लोगों का उत्साहवर्धन किया, जो रक्तदान कर रहे थे। कहा कि रक्तदान करना सराहनीय कार्य है। एक बूंद से किसी की जिंदगी बच सकती है। इस मौके पर ब्रजपाल सरन, गुलशन कुमार पुरी, कुंवरपाल, राधेश्याम अरोड़ा, अमरदीप पुरी, गजरा, रचना मुखी, शिवानी गौतम, अनीता आदि सेवा दल सदस्य शामिल रहे।

# बलात्कार के फर्जी मुकदमे में फंसाने और जबरन वसूली करने वाली गैंग के 4 अभियुक्त गिरफ्तार

### दरोगा समेत दो आरोपी फरार,20000 की नगद धनराशि एवं एक मोबाइल बरामद



**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** थाना पुलिस ने दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फसाने ,बंधक बनाने और जबरन वसूली करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक पीआरडी जवान दो हिस्ट्रीशिटर और एक महिला शामिल है। इस मामले में हापुड़ जिले के सिंभावली थाने में तैनात दरोगा नितिन कुमार वर्मा और गजरौला निवासी नवीन वर्मा फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों को जनपद न्यायालय भेज दिया है। बता दें कि संभल जिले के एचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर सालार उर्फ हाजीपुर निवासी नईम पुत्र अनीश अहमद ने गजरौला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें नईम ने आरोप लगाया था कि उन्हें झूठे रेप केस के मुकदमे में फसाया गया ,बंधक बनाया गया और उनसे जबरन 125000 वसूल किए गए। शिकायत के अनुसार दरोगा नितिन कुमार वर्मा पुत्र रविंद्र वर्मा (निवासी चंगेरी, डिलारी ,मुरादाबाद) दो कांस्टेबल और एक महिला ने नईम को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दी थी इसी धमकी के तहत उनसे 1,25000 की वसूली की गई थी।गजरौला पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से इस मामले में कार्यवाही की पुलिस ने सिंभावली निवासी हिस्ट्रीशीटर खालिद गजरौला की खेम सिंह कॉलोनी निवासी हिस्ट्रीशीटर दीपक पीआरडी जवान लाखन और हापुड़ के सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव रझेड़ा निवासी महिला कौशर को गिरफ्तार किया। दरोगा नितिन कुमार वर्मा और रेलवे स्टेशन गजरौला निवासी नवीन वर्मा अभी भी फरार चल रहे हैं।

रविवार शाम को एसपी अमित कुमार आनंद ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है उन्होंने फरार दरोगा सहित अन्य दो आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। एसपी अमित कुमार आनंद ने ये भी बताया कि पकड़े गए खालिद, दीपक और पीआरडी जवान लाखन पर पहले से ही कई मुकदमे पंजीकृत है।


# पंकज चौधरी को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर मिठाई वितरण



**अमरोहा:** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर मिठाई वितरण कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान भाजपा की महिला मोर्चा की पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष दीपाली गंगवार ने कहा कि कुर्मी समाज को पार्टी ने सम्मान देने का काम किया है। रविवार दोपहर भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी टीचर कॉलोनी में भाजपा की महिला मोर्चा की पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष दीपाली गंगवार के आवास पर एकत्र हुए। यहां महाराजगंज के सांसद एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने की खुशी में दीपाली गंगवार की तरफ से मिठाई का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा पंकज चौधरी के प्रदेशाध्यक्ष बन जाने से पार्टी को बेहद मजबूती मिलेगी।

कुर्मी समाज का वोटबैंक जो अन्य पार्टियों की तरफ खिसक गया था, वह रुकेगा। आने वाले विधान सभा और लोक सभा चुनाव में पार्टी शानदार प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर डॉ.दीपक गंगवार, पूर्व प्रधानाचार्य जयपाल सिंह, जीपी सिंह, मास्टर अतरपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह स्टेट, सतेंद्र सिंह, संग्राम सिंह, सुनील गुप्ता, रामरतन सिंह जाटव आदि मौजूद रहे।

# एफबी-इंस्टा पर लाखों फॉलोअर्स, यहां इस आईडी का कर रही थी उपयोग; यहां गई चूक



**अमरोहा:** नेपाल के रास्ते अवैध रूप से भारत आई बांग्लादेशी महिला रीना बेगम के सोशल मीडिया पर साढ़े तीन लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। खुफिया एजेंसी रीना बेगम के सारे सोशल मीडिया अकाउंट खंगालने में जुटी हुई है। रीना बेगम के खाते में जमा रकम के स्रोत भी पुलिस तलाश रही है। रीना बेगम व उसके शौहर राशिद अली के मोबाइल फोन खुफिया एजेंसी के कब्जे में हैं। पुलिस ने बृहस्पतिवार को मोहल्ला कटरा निवासी राशिद अली व उसके घर में रह रही बांग्लादेशी महिला रीना बेगम को गिरफ्तार किया था। राशिद अली काफी समय से सऊदी अरब में रहता था। रीना बेगम से उसकी मुलाकात सऊदी अरब में ही हुई थी। 2021 में दोनों ने निकाह कर लिया था। अक्तूबर 2025 में राशिद व रीना बेगम नेपाल के रास्ते भारत में आए थे। एटीएस संभल यूनिट, एलआईयू, एसओजी आदि ने राशिद व रीना बेगम से गहनता से पूछताछ की। सूत्रों ने बताया कि खुफिया एजेंसी दोनों के फोन से सोशल मीडिया अकांउट खंगाल रही हैं। रीना बेगम के सोशल मीडिया पर करीब साढ़े तीन लाख फॉलोअर्स हैं। वह फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर रील बनाकर पोस्ट करती है। इससे उसे काफी आमदनी होती है। खुफिया एजेसिंया रीना बेगम के आय के स्रोत तलाश रही है। नेपाल, बंगलादेश, सउदी अरब में वह किन-किन लोगों के संपर्क में थी। भारत आने के बाद उसने किन-किन लोगों से संपर्क किया। इसकी जानकारी में खुफिया एजेंसी जुटी हुई है। एजेंसी रीना बेगम के खातों में जमा रकम को टेरर फंडिंग से भी जोड़कर चल रही हैं। रीना और राशिद के खिलाफ विदेशी अधिनियम की धारा में रिपोर्ट जिले के मोहल्ला कटरा निवासी राशिद अली व उसकी पत्नी रीना बेगम को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया था। रीना बेगम बांग्लादेश के ढाका जनपद के गाजीपुर की रहने वाली है। राशिद ने साल 2021 में रीना बेगम से सऊदी अरब में निकाह किया था। दोनों मदीना के आदम नामक शहर में एक ही अस्पताल में मिले थे। रीना बेगम वहां साफ-सफाई का काम करती थी और राशिद का वहां फर्नीचर का ठेका था।

# पुलिस ने चोरी की बाइक संग दो आरोपी किए गिरफ्तार




**अमरोहा:** गजरौला पुलिस ने चोरी की बाइक संग दो आरोपी गिरफ्तार किए। दोनों आरोपियों में एक के खिलाफ चार एफआईआर दर्ज हैं, जबकि दूसरे पर दो रिपोर्ट। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि संत नगर सुनारों वाली गली मोहल्ला निवासी ऋषभ शर्मा ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने चोरों का सुराग लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले। साथ ही मुखबिर भी लगाए। सीसीटीवी कैमरे व मुखबिर से पुष्ट सबूत मिलने पर पुलिस ने मायापुरी मोहल्ले में सुनारों वाली गली के संजय वर्मा व इसी मोहल्ले के मोहित विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की। पुलिस पूछताछ में दोनों ने बाइक चोरी करना कबूल किया।

दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश कर चालान कर दिया गया। सीओ ने बताया कि संजय वर्मा के खिलाफ चार एफआईआर दर्ज हैं। उसके खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई भी की जा चुकी है, जबकि मोहित विश्वकर्मा के खिलाफ दो रिपोर्ट दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर मनोज कुमार और चौपला चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार शामिल थे।

# नंदी गौशाला गुरेठा का सीडीओ व सीवीओ ने किया निरीक्षण, कई कमियों पर दिए सुधार के निर्देश





**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अश्वनी कुमार मिश्र तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) डॉ. आभा दत्त ने नंदी गौशाला गुरेठा का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) गंगेश्वरी, एपीओ, वेटरनरी अधिकारी (वीओ) तथा गौशाला संचालन कर रही चार ग्राम प्रधानों की समिति के सदस्य एवं सचिव भी उपस्थित रहे।निरीक्षण में पाया गया कि गौशाला में 625 मीटर लंबी बाउंड्री वॉल का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, जिससे यहां लगभग 2000 नंदी (बैल) रखने की क्षमता विकसित हो जाएगी। हालांकि, शेड में सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली और नालियां गंदगी से भरी हुई थीं। हरा चारा नियमित रूप से उपलब्ध नहीं हो रहा था, जिस पर अधिकारियों ने गहरी नाराजगी जताई। साथ ही, केयर टेकरों की संख्या मानक से अधिक पाई गई।सीडीओ व सीवीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गौशाला में दिन में 16 तथा रात में 4 केयर टेकर ही रखे जाएं। छुट्टा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए बीडीओ गंगेश्वरी एवं हसनपुर को कल से विशेष अभियान चलाकर एक सप्ताह में सभी छुट्टा नंदी को गौशाला में संरक्षित करने के आदेश दिए गए।चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सभी चारागाहों में चारे की बुवाई कराने के निर्देश जारी किए गए। बाउंड्री वॉल में अभी एक मुख्य गेट तथा दो जाली लगनी शेष हैं, जिसे अधिशासी अभियंता को दो दिनों में पूरा करने को कहा गया। इसके अलावा, बीडीओ एवं वीओ को गौशाला के अभिलेखों तथा वाउचरों का मिलान कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।अधिकारियों का कहना है कि गौशाला में गोवंश की बेहतर देखभाल एवं संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि छुट्टा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

# दिव्यांग लोगों को वितरण किए कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण



**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत जनपद न्यायालय परिसर अमरोहा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशासनिक न्यायमूर्ति प्रशान्त कुमार, न्यायाधीश उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा 40 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर अपने कर कमलों से उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं सहित वितरण किया गया।

इस दौरान विवेक, माननीय न्यायाधीश/ अध्यक्ष डी0एल0एस0ए0 अमरोहा, ईश्वर सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नोडल अधिकारी, लोक अदालत एवं ज्योति चौधरी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डी0एल0एस0ए0 अमरोहा एवं शिखा शर्मा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, अमरोहा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा। अंत में वितरण कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को बधाई देते हुए उपस्थित सभी दिव्यांगजन/उनके माता - पिता/व्यक्तियों को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# थाना असमोली के अंतर्गत नवीन पुलिस चौकी मनौटा पुल का हुआ उद्घाटन

### अपराधों पर अंकुश और जन सुरक्षा को मिलेगा बल

**असमोली/संभल (सब का सपना):-** अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा पीड़ितों को त्वरित न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से थाना असमोली क्षेत्र में नवीन पुलिस चौकी मनौटा पुल का उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी संभल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत स्थानीय बालिका द्वारा फीता काटकर चौकी का लोकार्पण किया गया।





इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। नवीन पुलिस चौकी के स्थापित होने से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी तथा जनता की सुरक्षा में वृद्धि होगी। मिशन शक्ति अभियान 5.0 महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण पर केंद्रित है, जिसके तहत बालिका द्वारा उद्घाटन कराना प्रतीकात्मक रूप से महिला सशक्तिकरण का संदेश देता है। प्रशासन का कहना है कि इस चौकी से अपराधों पर त्वरित अंकुश लगेगा और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सकेगा।

# मिशन शक्ति केंद्रों की संचालन एवं महिला अपराधों पर आधारित एसओपी की समीक्षा गोष्ठी आयोजित

**सम्भल (सब का सपना):-** अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कार्यालय के मीटिंग हॉल में पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार की उपस्थिति रही। इस समीक्षा बैठक में जनपद सम्भल के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी तथा थानों पर तैनात मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभारी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभावी संचालन तथा महिला अपराधों से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुपालन की समीक्षा करना था। डीआईजी मुनिराज ने थाना प्रभारियों एवं मिशन शक्ति केंद्र प्रभारियों से महत्वपूर्ण रजिस्टरों की जांच की,



जिनमें महिला हेल्प डेस्क प्रार्थना पत्र रजिस्टर, काउंसलिंग रजिस्टर, फीडबैक/ फॉलोअप रजिस्टर, निरीक्षण पुस्तिका, मासिक गोश्वरा रजिस्टर तथा महिला बीट रजिस्टर शामिल हैं। इन रजिस्टरों की गहन जांच के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'मिशन शक्ति' योजना के तहत प्रदेश के सभी थानों में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए विशेष केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस गोष्ठी के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को महिला अपराधों के प्रति और अधिक संवेदनशील एवं सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए।

# खराब एसी बेचे जाने के मामले में उपभोक्ता आयोग ने वोल्टास को दिया सख्त आदेश

**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** चंदौसी निवासी नितिन महाजन को वोल्टास कंपनी की ओर से खराब एयर कंडीशनर (एसी) बेचे जाने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, संभल ने बड़ा फैसला सुनाया है। आयोग ने वोल्टास (टाटा इंडिया लिमिटेड) को आदेश दिया है कि वह दो महीने के अंदर नितिन महाजन को उसी मॉडल का नया एसी प्रदान करे या फिर एसी की खरीद मूल्य 37,000 रुपये को परिवाद दाखिल करने की तारीख से 7% वार्षिक ब्याज सहित लौटाए। इसके अलावा, कंपनी को मानसिक पीड़ा और आर्थिक नुकसान के लिए 10,000 रुपये तथा मुकदमा खर्च के लिए 5,000 रुपये अलग से अदा करने होंगे। यदि निर्धारित समय में राशि का भुगतान नहीं किया गया,




तो 9% वार्षिक ब्याज की दर से अतिरिक्त ब्याज देय होगा। नितिन महाजन ने 11 मई 2024 को चंदौसी के एक स्थानीय दुकानदार से वोल्टास का एसी खरीदा था। खरीद के बाद से ही एसी ठीक से काम नहीं कर रही थी और बार-बार खराब हो जाती थी। शिकायत करने पर कंपनी और दुकानदार द्वारा इसे ठीक कराया जाता रहा, लेकिन एक साल के अंदर कई बार खराब होने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। नितिन महाजन ने एसी बदलने या रिफंड की मांग की, लेकिन कंपनी और दुकानदार ने उनकी बात अनसुनी कर दी। इसके बाद उन्होंने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय से संपर्क किया। अधिवक्ता ने उनके पक्ष में जिला उपभोक्ता आयोग, संभल में परिवाद दायर किया। परिवाद में तर्क दिया गया कि कंपनी ने दुकानदार के माध्यम से निर्माण दोष युक्त उत्पाद बेचा है। आयोग ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुनाया। दुकानदार ने आयोग को बताया कि मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट की जिम्मेदारी कंपनी की है, जबकि वोल्टास की ओर से कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ। आयोग ने परिवादी के पक्ष में आदेश पारित किया। यह फैसला उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है और अन्य उपभोक्ताओं के लिए प्रेरणा बन सकता है कि खराब उत्पाद के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ी जा सकती है।

# सर्प दंश से मुक्ति का दिया गया संदेश गांव परतापुर में जागरूकता अभियान

### अब तक 34 स्कूलों तक पहुंचा रेस्क्यू टीम का प्रयास जहरीले सांपो से बचने की दी गई जानकारी

**बहजोई/सम्भल(सब का सपना):-** सर्प दंश से होने वाली मौतों को रोकने के लिए 'सर्प दंश मृत्यु मुक्त भारत अभियान' के तहत जनपद सम्भल के थाना बहजोई क्षेत्र के ग्राम परतापुर स्थित एस पी एस पब्लिक स्कूल में एक उपयोगी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में स्कूल के छात्रों और स्टाफ को सर्प दंश की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। लगभग 30 मिनट तक चले इस अभियान में सभी उपस्थित सदस्यों ने गौर से सुनी और सीखी। कार्यक्रम में जाबुल स्नैक सेवर ने बताया कि भारत में सांपों के काटने से प्रतिवर्ष हजारों मौतें होती हैं, लेकिन सही जानकारी से इन्हें रोका जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कौन से सांप जहरीले होते हैं और कौन से बिना जहर वाले। उदाहरण के तौर पर, कोबरा, कॉमन करैत रसेल्स वाइपर और किंग कोबरा को सबसे घातक बताया गया, जबकि अन्य कई प्रजातियां हानिरहित होती हैं। इसके अलावा, मॉनिटर लिजार्ड जैसे बिना जहरीले जानवरों से बचाव के उपाय भी सिखाए गए। रेस्क्यू टीम ने एक मॉनिटर लिजार्ड का प्रदर्शन कर दिखाया कि कैसे इनसे दूरी बनाए



रखें और खतरे को पहचानें। स्कूल के प्रिंसिपल बृजेश कुमार ने अभियान की सराहना करते हुए कहा, "यह जानकारी हमारे छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी है। रेस्क्यू टीम ने स्कूल में जहर फैलाने वाले जानवरों से बचाव के सरल तरीके बताए, जिससे बच्चे अब सुरक्षित रह सकेंगे। हम टीम का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।" अभियान का संचालन 'जाबुल स्नैक सेवर और अली वारिस टीम द्वारा किया गया, जो सांपों के बचाव और जागरूकता में माहिर है। टीम के सदस्य अली वारिस ने बताया, अब तक हम जनपद के 34 स्कूलों में निःशुल्क जागरूकता अभियान चला चुके हैं। सांप काटने पर सबसे बड़ी गलती झाड़-फूंक या घरेलू उपचार में पड़ना है। किसी की भी बातों में न आएं, बिना देरी किए सीधे सरकारी अस्पताल पहुंचें। सांप काटने का कोई घरेलू इलाज नहीं है केवल एंटी-वेनम ही जान बचा सकता है।

जाबुल ने आगे जोर देकर कहा कि यह अभियान जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और वन विभाग की अनुमति से चलाया जा रहा है। उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सर्प दंश की घटनाओं को शून्य करना है, जहां ज्यादातर मामले अज्ञानता के कारण घातक साबित होते हैं। रेस्क्यू टीम के अनुसार ऐसी पहल से सर्प दंश से होने वाली मौतों में 50% तक कमी आ सकती है। स्थानीय निवासियों ने इस प्रयास का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में सुरक्षा का स्तर बढ़ेगा।

# पंचायत को सफल बनाने हेतु किसानों की आवश्यक बैठक आयोजित

### किसानों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण को लेकर एक किसान पंचायत का किया जाएगा आयोजन:- मिंकू चौधरी

सम्भल(सब का सपना):- भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में असमोली में बैठक का आयोजन किया गया ! बैठक में जिला उपाध्यक्ष संभल मिंकू चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि 16 दिसंबर दिन मंगलवार को ब्लॉक परिसर संभल में दोपहर 12 बजे से भ्रष्टाचार समाप्त कराने को एवं किसानों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण को लेकर एक किसान पंचायत का आयोजन किया जाएगा ! किसान भाई अपनी समस्या का समाधान कराने के लिए विभाग के नाम प्रार्थना पत्र लिखकर लाएं ! जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी



द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं भरोसा जताते हुए नवनियुक्त पदाधिकारी का मनोबल बढ़ाया गया ! साथ ही कहा कि यह आवश्यक बैठक पदाधिकारियों के लिए आहूत की गई है ! जिसमें आगामी रणनीति तय की गई है ! जिससे कि पंचायत को सफल बनाया जा सके एवं आगामी कार्यक्रमों को तेजी दी जा सके ! कार्यकारिणी द्वारा संगठन विस्तार करते हुए जितेन्द्र सैनी ग्राम - सैदपुर गंगू को तहसील संगठन मंत्री संभल का दायित्व सोपा गया ! युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, सुशील कुमार शर्मा, जिला महासचिव अनमोल कुमार, जिला संगठन मंत्री चौधरी ऋषिपाल सिंह, जिला मंत्री खेमपाल यादव, युवा मंडल उपाध्यक्ष अरुण चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष असमोली चौधरी नेमपाल सिंह, गंगा नंद गिरी महाराज, तहसील संरक्षक सेवक सैनी, तहसील अध्यक्ष (अ. मो.) मेहंदी हसन, वरिष्ठ कार्यकर्ता कनिक चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष संभल कन्हैया प्रजापति, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष सुफियान पाशा, युवा तहसील प्रभारी अमानत अली, ब्लाक महासचिव पवांसा श्रीपाल यादव, ग्राम संगठन मंत्री अनवार अली आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**सम्भल(सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में थाना हजरतनगरगढ़ी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुखबिर की गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने शहजादी सराय जाने वाले रास्ते के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान छोटे पुत्र अब्दुल शाह के रूप में हुई। उसके कब्जे से एक



चोरी की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (रंग काला) बरामद की गई। इस संबंध में थाना सम्भल पर पूर्व में दर्ज मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 317(2) की वृद्धि की गई है।

गिरफ्तार आरोपी पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। जनता से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। यह कार्रवाई जनपद में वाहन चोरियों पर लगाम कसने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# क्षत्रिय महासभा ने नए कोतवाल अनुज तोमर का किया जोरदार स्वागत समस्याओं पर की चर्चा

**चंदौसी/सम्भल(सब का सपना):-** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने चंदौसी कोतवाली में नवागंतुक प्रभारी अनुज तोमर का हार्दिक स्वागत किया। पटका ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर संगठन ने नए कोतवाल का जोरदार अभिनंदन किया। इस अवसर पर स्थानीय समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें यातायात, सुरक्षा और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर पुलिस का ध्यान आकर्षित किया गया। हाल ही में संभल जिले के विभिन्न थानों में हुए पुलिस फेरबदल के बाद अनुज तोमर ने चंदौसी कोतवाली का चार्ज संभाला है। स्थानीय संगठनों और व्यापारिक निकायों के प्रतिनिधियों द्वारा शिष्टाचार भेंट का सिलसिला जारी है। क्षत्रिय महासभा के गणमान्य सदस्यों ने नए प्रभारी को क्षेत्र की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए प्रमुख चुनौतियों को रखा। बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण और जाम की समस्या को दूर करने की



मांग रात्रि गश्त बढ़ाना और संदिग्ध तत्वों पर सख्त निगरानी। स्कूल-कॉलेजों के आसपास पुलिस उपस्थिति सुनिश्चित करना। संगठन की ओर से पुलिस को कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया गया। प्रतिनिधियों ने कहा कि वे हमेशा पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। नए कोतवाल अनुज तोमर ने जनता और संगठनों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने सख्ती से कहा, कानून को कभी अपने हाथ में न लें। साथ ही, भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी पुलिसिंग सुनिश्चित करने का वादा किया। तोमर ने कहा कि क्षेत्रवासियों का सहयोग मिलने पर ही अपराध पर अंकुश लगाया जा सकेगा। इस स्वागत समारोह में क्षत्रिय महासभा के प्रमुख सदस्यों समेत ठाकुर रमन सिंह, एडवोकेट अभय कुमार सिंह, एडवोकेट निखिल शर्मा, एडवोकेट नितिन राघव, गौरव सिंह, नितिन ठाकुर, एडवोकेट रवि यादव, शगुन ठाकुर, श्याम ठाकुर, निखिल सिंह, एडवोकेट गोपाल बाबू शर्मा और एडवोकेट पंकज दक्ष आदि मौजूद रहे।

# जनता शासन पार्टी के युवा नेता राजेश यादव जमीनी स्तर पर सक्रिय, विकास की राजनीति पर जोर

**संभल (सब का सपना):-** जनता शासन पार्टी के उभरते युवा नेता और जिलाध्यक्ष संभल, राम रहीश उर्फ राजेश यादव इन दिनों जमीनी स्तर पर सक्रिय होकर पार्टी को मजबूत बनाने में जुटे हैं। वे गांव-गांव जाकर लोगों से मिल रहे हैं

और उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान का प्रयास कर रहे हैं। राजेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से बातचीत में कहा, "मैं हमेशा सबको साथ लेकर काम करूंगा। न धर्म की राजनीति करूंगा, न जाति की। बस काम की राजनीति करेंगे। जनता की सेवा और विकास ही





हमारा मुख्य एजेंडा है।" जनता शासन पार्टी के इस युवा नेता की यह पहल स्थानीय स्तर पर सराहनीय बताई जा रही है। कार्यकताओं का कहना है कि राजेश यादव का जमीनी जुड़ाव पार्टी को नई ऊर्जा दे रहा है और आने वाले समय में संभल जिले में पार्टी की स्थिति मजबूत होगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, राजेश यादव जनता की वास्तविक समस्याओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं पर फोकस कर रहे हैं, जिससे आम जनता में उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है।

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 70 मामलों की सुनवाई, आठ दंपतियों का सफलतापूर्वक मिलाप

**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** जनपद संभल में पारिवारिक विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण के लिए पुलिस की पहल जारी है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) अनुकृति शर्मा के मार्गदर्शन में बहजोई स्थित पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र में साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के पर्यवेक्षण, प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार की उपस्थिति तथा केंद्र प्रभारी डॉ. रुकम पाल सिंह की देखरेख में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पारिवारिक विवादों को संवाद, संवेदनशील परामर्श और विधिक समझ के माध्यम से सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाना रहा।



बैठक में कुल 70 पत्रावलियों की सुनवाई की गई। प्रत्येक मामले में दोनों पक्षों के कथनों, परिस्थितियों और संभावनाओं का गहन परीक्षण किया गया। परामर्श प्रक्रिया के बाद नौ मामलों का सफल निस्तारण हुआ। इनमें आठ दंपतियों को आपसी सहमति से पुनः एकजुट किया गया, जबकि एक मामला पक्षकारों की अनुपस्थिति या बल न दिए जाने के कारण नियमानुसार समाप्त कर दिया गया। काउंसलिंग में अमन खुराना, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा एवं सीमा आर्या ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं, पुलिस स्टाफ से उप निरीक्षक महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल रश्मि गेहलोत एवं कांस्टेबल ज्योति ने बैठक के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उपस्थित पक्षकारों ने पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के इन निरंतर प्रयासों की सराहना की, जो पारिवारिक रिश्तों को बचाने और समाज में सौहार्द बनाए रखने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमन्त्री आरोग्य मेले का आयोजन

## एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत 152 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ो दिया गया परामर्श

**सम्भल(सब का सपना):-** जनपद सम्भल में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 05 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 231वें मुख्यमन्त्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेला सत्रों पर 36 चिकित्सकों एवं 121 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 2508 रोगियों (पुरुष रोगी- 941; महिला रोगी- 1022 एवं 545 बच्चों) का निःशुल्क उपचार गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 200




लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 197 आभा आई.डी. बनाये गये। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों पर बुखार के 237, चर्म रोग के 412, दमा के 333, मधुमेह रोग के 100, नेत्र रोग से सम्बन्धित 16, उच्च रक्तचाप के 53 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गये। बुखार के सम्बन्ध में 25 मरीजों की मलेरिया की तथा 17 रोगियों की डेंगू की जाँच की गयी; जिसमें सभी संदिग्ध मरीजों की रिपोर्ट ऋणात्मक (Negative) रही। जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन (फैमिली प्लॉनिंग) सम्बन्धी परामर्श व परिवार नियोजन सम्बन्धी सामग्री (चॉइस ऑफ बॉस्केट) के लिये अलग से एक काउन्टर बनाये गये। जिलाधिकारी के निदेर्शों के अनुपालन में जनपद की समस्त आशाओं के द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया गया तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत 152 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ो परामर्श भी दिया गया। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरुण पाठक तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण किया गया।

# बाबा भीमराव अंबेडकर पार्क के जीर्णोद्धार के लिए बैठक आयोजित

## बाबा साहब की जीवन शैली और उनके मिशन को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

**धनारी/संभल(सब का सपना):-** जनपद के थाना धनारी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उधरनपुर अजमतनगर के धनारी स्टेशन स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर पार्क में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष मास्टर नौबत सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवन शैली और उनके मिशन को आगे बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से पार्क में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा तथा पूरे पार्क के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण पर चर्चा हुई। जिसमें



निर्णय लिया कि पार्क की बेहतरी और रखरखाव के लिए आगामी तहसील दिवस पर संबंधित अधिकारियों को एक प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा। बैठक में सोनपाल नेताजी, रमेश चंद्र प्रधान, सुरेंद्र सिंह गौतम, नौबत सिंह, कृपाल, राम तीरथ, रामकिशोर, डॉ. राधेश्याम, राजकुमार, मोहर सिंह, श्याम बाबू, ओमेंद्र, यादराम, नाथू सिंह, रूप किशोर, छन्नू सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पड़ोसी की हत्या में शामिल महिला 11 साल बाद गिरफ्तार, हरियाणा के झज्जर में छिपी थी परवीन



**नई दिल्ली।** बाबा हरिदास नगर थाना क्षेत्र में पानी गिरने को लेकर विवाद में अपने पति और अन्य लोगों के साथ मिलकर पड़ोसी की बेरहमी से हत्या करने वाली महिला को आखिरकार क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। वह पिछले 11 वर्षों से भगोड़ा घोषित थी और लगातार अपने ठिकाने बदलकर फरार चल रही थी। आरोपित महिला की पहचान गांव मित्राओं की परवीन उर्फ प्रीति के रूप में हुई है। हालांकि, मामला दर्ज होने के बाद ही उसके पति और अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। उपायुक्त हर्ष इंदौरा के मुताबिक, 30 जुलाई 2014 को नजफगढ़ निवासी विनीत नामक युवक सबमर्सिबल पंप से पानी भर रहा था तभी गलती से कुछ पानी पड़ोसन परवीन की तरफ गिर गया। इससे गुस्साई परवीन ने गाली-गलौज करते हुए झगड़ा शुरू कर दिया और पति, सुरेश उर्फ मुन्नू को बुलाकर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर पीड़ित के परिजन रवि, सचिन, नवीन और अन्य बीच-बचाव कराने पहुंचे ही थे कि सुरेश ने अपने कई साथियों, जिनमें राहुल उर्फ लाला, संदीप उर्पु सरदारजी, विक्रांत उर्फ कातू, मुकेश उर्फ मुक्का, सागर और अन्य को बुलाया। वे चाकू, लोहे के पाइप, लकड़ी की छड़ी और टूटे हुए बेसबाल बैट जैसे हथियारों के साथ मौके पर पहुंचे और रवि और बीच-बचाव करने वाले परिवार के सदस्यों पर हमला बोल दिया। हमले के दौरान, संदीप ने रवि को पीछे से पकड़ा और राहुल ने उसके सीने पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। वारदात के बाद सुरेश, परवीन, राहुल, संदीप, विक्रांत, मुकेश, सागर और अन्य मौके से भाग निकले। घायल रवि को राव तुला राम अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और जांच के दौरान, परवीन को छोड़कर सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे पकड़ने के लिए मामला क्राइम ब्रांच को सौंपा गया। इस दौरान एएसआइ अशोक और हेड कॉन्स्टेबल परमजीत को गुप्त जानकारी मिली कि परवीन हरियाणा के झज्जर में छिपी हुई है। सूचना पर एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में और इंस्पेक्टर गुलशन यादव के नेतृत्व में गठित टीम ने परवीन की सही लोकेशन का पता लगाया और 12 दिसंबर को छापेमारी करते हुए उसे झज्जर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि पड़ोसियों- बिजेंद्र, उसकी पत्नी बाला और उनके बेटे विनीत के साथ सड़क पर जानबूझकर पानी गिराने के मुद्दे पर अक्सर झगड़े होते थे। 30 जुलाई 2014 को विनीत ने फिर से उनकी तरफ पानी गिराया, जिससे झगड़ा बढ़ गया। हमले के तुरंत बाद, परवीन और उसके पति सहित आरोपित मौके से भाग गए। अगली सुबह, परवीन को पता चला कि रवि की चोटों के कारण मौत हो गई है।

# खांसी का जिक्र करने पर भड़के अरविंद केजरीवाल, सीएम रेखा गुप्ता को दे दी नसीहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इन दिनों प्रदूषण चरम पर है। इसको लेकर सियासी तापमान गरम हो गया है। वहीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बयान पर राजनीतिक सरगर्मियां तेज है। दरअसल, सीएम रेखा गुप्ता ने एक कार्यक्रम में केजरीवाल का नाम लिए बगैर खांसी होने पर दिल्ली से बाहर भाग जाने वाले नेताओं का जिक्र किया था। इस पर अरविंद केजरीवाल भड़क गए और रेखा गुप्ता को नसीहत भी दे दी। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पोस्ट में कहा- आपका मुझसे राजनैतिक वैर है। इसके चलते आपका इस तरह से



भगवान बुद्ध द्वारा सिखायी गई दिव्य विपश्यना साधना विधि का मजाक उड़ाना आपको शोभा नहीं देता। आप भी एक बार जरूर विपश्यना कीजिए। आपको बहुत अच्छा लगेगा, असीम शांति अनुभव होगी। विपश्यना करने जाने को भाग जाना नहीं कहते। बड़े भाग्य वालों को विपश्यना नसीब होती है। सबका मंगल हो! इससे पहले, सीएम रेखा गुप्ता ने कहा था कि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या का हम दिल्ली में रहकर समाधान निकाल रहे हैं। हम उनके जैसे नहीं है कि दिल्ली को उसके हाल पर छोड़ कर हर 6 महीने विपश्यना करने भाग जाएं। मेरी दिल्ली, मेरी जिम्मेदारी हम इस भावना से काम कर रहे हैं। समस्या भी यहीं है, समाधान भी यहीं निकलेगाद्धदिल्ली के लिए, दिल्ली में रहकर। प्रदूषण नियंत्रण के लिए शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म दोनों तरह के उपाय किए जा रहे हैं।

# दिल्ली मेट्रो ने रचा इतिहास, इस स्टेशन को मिला खास पुरस्कार; राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के पिंक लाइन के ईस्ट विनोद नगर मेट्रो स्टेशन को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 के तहत 'मेट्रो स्टेशनों के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली यूनिट' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ईस्ट विनोद नगर मेट्रो स्टेशन पर ऊर्जा-दक्षता में अनुकरणीय प्रयासों के लिए विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह के दौरान भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कर-कमलों से डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने देश भर की विभिन्न मेट्रो रेल प्रणालियों से प्राप्त आवेदनों



के बहुत व्यापक मूल्यांकन के बाद इस स्टेशन का चयन किया। ईस्ट विनोद नगर मेट्रो स्टेशन ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल विद्युत ऊर्जा खपत के किलो वाट और ऊर्जा प्रदर्शन सूचकांक (2 वर्ष में किलो वाट खपत) में महत्वपूर्ण और लगातार कमी करके यह उपलब्धि पाई है, इसके लिए विभिन्न उपकरणों के ऊर्जा उपयोग की नियमित निगरानी की गई तथा लक्षित ऊर्जा संरक्षण उपायों को लागू करते हुए 228 वाट के 405 मौजूदा पारंपरिक प्रकार के ट्यूब लाइट फिक्स्चर को 214 वाट एलईडी ट्यूब लाइट से बदला गया। स्टेशन पर 150 किलो वाट पावर का एक समर्पित रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित है, जो सौर ऊर्जा के माध्यम से अपनी कुल ऊर्जा आवश्यकता का 49% पूरा करता है, जिससे ग्रिड से बिजली पर इसकी निर्भरता काफी कम हो जाती है। स्टेशन को भारतीय उद्योग परिसंघ से इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल प्रमाणन के तहत "प्लेटिनम" रेटिंग भी मिली है, जो स्थिरता और पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति इसकी सुदृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह एनईसीए पुरस्कार ऊर्जा खपत को कम करने, नवीन ऊर्जा संरक्षण उपायों और सौर ऊर्जा को अपनाने तथा बदले में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार शहरी गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए डीएमआरसी की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## जल भराव और गंदगी से निजात पाने के लिए कॉलोनी वासियों ने सौंपा ज्ञापन

### खोड़ा कॉलोनी लोकप्रिय बिहार गली नंबर 1 वार्ड नंबर 33 के लोगों जल्द से जल्द निर्माण कार्य की मांग की

**खोड़ा/गाजियाबाद (सब का सपना):-** जनपद के खोड़ा कॉलोनी नगर पालिका परिषद की गली नंबर एक लोकप्रिय बिहार वार्ड नंबर 33 के रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है गली में पानी भरने की वजह से गली की सड़क खराब हो चुकी है। इस सड़क पर रोज स्कूल के बच्चों व हजारो लोगो का आवागमन रहता है। सड़क पर पानी भरने की वजह से मच्छर व गंदगी पूरी तरह से पसरी हुई है। सड़क में गड्ढे हो गए हैं बरसात में पानी भर जाता है। जिसके कारण लोग बीमार होने लगे हैं सड़क में गड्ढे होने के कारण अक्सर दुर्घटना होती रहती है। इस बारे में कॉलोनीवासियों ने लगभग 6 महीने पहले भी नगरपालिका के दफ्तर में ज्ञापन दिया था लेकिन इस पर कोई गंभीरता नहीं दिखायी गई। जिसको लेकर शनिवार को फिर से कॉलोनीवासियों ने नगर पालिका दफ्तर में ज्ञापन देकर इस मामले की जांच कर जल्द से जल्द सड़क नाली निर्माण की मांग कि है। ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद जाकिर, शाकिर अली, मोहम्मद अबरार सैफी, महताब अली, उस्मान सैफी, मनोज, कालीचरण, सोनू, शौकीन मास्टर, पवार साहब, रिजवान अली सहित अन्य दर्जन भर लोग मौजुद रहे।

## ऑनर किलिंग मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनेगी या नहीं? दिल्ली सरकार से पूछेगा हाईकोर्ट




**नई दिल्ली।** देश की राष्ट्रीय राधानी में ऑनर किलिंग के मामलों की सुनवाई के लिए को फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन के मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट दिल्ली सरकार से सलाह लेगा और इस संबंध में आने वाले समय में उचित निर्णय लिया जाएगा। फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन की मांग को लेकर दायर एक एनजीओ व एक पीड़ित की याचिका पर अदालत ने कहा कि अदालत दिल्ली सरकार से सलाह-मशविरा करके करेगी। अदालत ने याचिकाकताओं को हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से प्रशासनिक पक्ष में एक प्रतिवेदन देकर हाई कोर्ट से संपर्क करने की अनुमति दी। साथ ही इसकी प्रति दिल्ली सरकार के संबंधित विभाग को भी भेजने को कहा। अदालत ने दो सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन देने का निर्देश देते हुए याचिका का निपटारा कर दिया। पीठ ने कहा कि ऐसे प्रतिवेदन पर कोर्ट का प्रशासनिक पक्ष दिल्ली सरकार के साथ सलाह-मशविरा करके उचित कदम उठाए जाएंगे।

# यूपी के नेता हरियाणा में जाकर वोट डालते हैं, राहुल गांधी का बीजेपी पर करारा प्रहार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी की 'वोट चोर, गद्दी छोड़' महारैली के लिए रामलीला मैदान में विभिन्न राज्यों से पार्टी कार्यकर्ता जुटने लगे हैं। सुबह से ही कार्यकर्ता मैदान के अंदर और बाहर बड़ी संख्या में मौजूद हैं, जिससे अच्छी-खासी भीड़ नजर आ रही है। कार्यकर्ता उत्साह के साथ नारे लगा रहे हैं और रैली स्थल पर मोहब्बत की दुकान नामक चाय की स्टॉल पर नाश्ता कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अभी जब मैं गाड़ी में आ रहा था तो मुझे बताया गया कि अंडमान निकोबार में मोहन भागवत ने एक बयान दिया। मैंने फिर भाषण का प्लान बदल दिया। गांधी जी सच की बात करते थे, सत्यमेव जयते भी सुना होगा। लेकिन भागवत ने कहा कि यह संसार सत्य नहीं बल्कि शक्ति और सत्ता जरूरी है। लेकिन हम सच के साथ हैं। हम सच से ही भाजपा और पीएम को सत्ता से हटाएंगे। उन्होंने कहा कि सत्य और असत्य की लड़ाई में चुनाव आयोग भाजपा के साथ खड़ा हुआ है। इसीलिए केंद्र सरकार ने चुनाव आयोग को किसी भी तरह की कार्रवाई के दायरे से मुक्त कर दिया है। हम इस कानून को बदलेंगे। राहुल गांधी ने काह कि जनता को डरने की जरूरत नहीं है। हम आपके साथ हैं। कांग्रेस सच्चाई



की लड़ाई लड़ रही है जबकि चुनाव आयोग असत्य की लड़ाई लड़ रहा हैं। यहां हरियाणा से लोग आए हैं। इन्हें पता है कि इनका चुनाव चोरी कर लिया गया है। यूपी के नेता हरियाणा में जाकर वोट कर रहे थे। कुछ दिन पहले पीएम के हाथ कांपते हुए देखे गए। सत्ता आज है कल नहीं। देश सच को जानता है मानता है। भाजपा की बहादुरी भी सत्ता की बदौलत है। रायबरेली सांसद ने कहा कि यहां देश की जनता के हस्ताक्षर वाले करोड़ो कागज पड़े हैं। जगह जगह लाखों वोट गायब हो जा रहे हैं। लेकिन मोदी जी और अमित शाह जी, याद रखिये आखिर में सच की जीत होगी। मोदी जी का आत्मविश्वास खत्म हो गया है। रैली को लेकर कार्यकताओं में जोश है। तमाम नेता मंच पर पहुंच चुके हैं और कार्यकताओं को संबोधित कर रहे हैं। यह रैली कथित वोट चोरी और स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (रक्फ्र) के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि दिल्ली की इस प्रदूषित हवा में सभी का बहुत बहुत स्वागत है। आप लोग सुबह कोहरे में भी आए, आपका आभार।वोट क्या है, इसकी ताकत क्या है, इसे समझना बहुत जरूरी। आजादी से पहले जब नेहरू जी लोगों से मिलने जाते थे तो उन्हें एक सूत्र में पिरोते थे। इसी वोट के आधार पर जनता ने अपनी सरकार चुनी। जनता के हित की रक्षा के लिए विभिन्न संस्थाएं बनाईं। आज उन्हीं पर प्रहार हो रहा। कांग्रेस का बैंक अकाउंट बंद कर दिया। अनेक नेताओं को जेल में डाला। उन्होंने कहा किकांग्रेस पर तमाम आरोप लगाए गए। संसद में बहस भी अब नहीं होती। माने तो फिर वंदेमातरम पर चर्चा के लिए माने। जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कराने की हिम्मत नहीं इनमें। वोट चोरी से जीत रही भाजपा। बैलेट से कभी नहीं जीत सकती। लेकिन चुनाव आयोग आंख बंद करके बैठा है। संसद में भाजपाई अब आंख नहीं मिला पाते। इन पर से जनता का भरोसा उठ गया है। इसीलिए इनका आत्मविश्वास भी हिल गया है। बिहार के बाद अब यूपी में वोट काटे जा रहे हैं। देश की जनता चुनाव आयोग के तीनों अधिकारियों को कभी नहीं भूलेगा। दिल्ली से सभी प्रमुख नेता मौजूद हैं। इसमें पूर्व सांसद अजय माकन, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा, प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, पूर्व अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा व अन्य मौजूद हैं। हरियाणा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार चोरी के वोटों से बन रही है। आज देश में लाखों लोग ऐसे, जिनका अता पता ही नहीं क्योंकि उनका वोट ही कट गया। निष्पक्ष चुनाव के लिए हम लोग राहुल गांधी के नेतृत्व में अभियान चलाएंगे। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा- देश को आजादी दिलाने और संविधान बनाने में कांग्रेस की बहुत अहम भूमिका है। लेकिन आज भाजपा ने लोकतंत्र का मजाक बना दिया है। चुनाव आयोग की वोट चोरी से ही भाजपा की सरकार बन रही है। जिस दिन यह चोरी रुक गई, भाजपा की सरकार भी सत्ता से चली जाएगी। तब कांग्रेस की सरकार बनेगी। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा ने संवैधानिक संस्थाओं को खोखला करने की राजनीति की है। लेकिन यह अब ज्यादा दिन नहीं चलेगी। राहुल गांधी जी बार बार प्रमाण दे रहे कि वोट चोरी हो रही है, मगर चुनाव आयोग ने एक जांच तक नहीं बिठाई। अब हमें सड़कों पर उतरना ही पड़ेगा। आज इस रैली में पार्टी कार्यकताओं ने भारी संख्या में पहुंचकर जो शक्ति प्रदर्शित की है, काबिलेतारीफ है। हमारी लंबी लड़ाई जारी रहेगी। न्याय लेकर रहेंगे। हिमाचल के सीएम सुखविंदर सुक्खू ने कहा कि 77 साल पहले जब लोकतंत्र की स्थापना की गई थी तो जनता को सबसे बड़ी ताकत वोट डालने की दी थी। कांग्रेस ने इस ताकत को हमेशा बचाए रखा। लेकिन भाजपा ने वोट की ताकत को ही कमजोर कर दिया। आज इस महारैली में इतनी बड़ी संख्या में आकर कार्यकर्ताओ ने साबित कर दिया कि इस ताकत को वापस बचाकर रहेंगे। दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि देश में लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। इसके खिलाफ पार्टी के अभियान में पांच करोड़ लोगों ने हस्ताक्षर करके अपना समर्थन दिया है। लोगों ने अब ठान लिया है कि वोट चोरों को सत्ता से हटा कर ही दम लेंगे।

## छुट्टी पर रोडवेज कर्मचारी, सोनीपत-दिल्ली के बीच चलने वाली बस सेवा बंद



**नई दिल्ली।** साल के अंत में रोडवेज कर्मचारी अब अपने ईएल व सीएल अवकाश ले रहे हैं। इस कारण बसों के चक्कर मिस हो रहे हैं। जींद से वाया सोनीपत होकर दिल्ली जाने वाली बस का भी संचालन बंद हो गया है। इसके अलावा अन्य रूट पर भी बस बंद पड़ी हैं। इस कारण यात्री परेशान हैं। इस समय जहां एक दिन में 40 से 50 कर्मचारी छुट्टी पर रहते हैं। इसके चलते भिवानी व रोहतक जैसे लोकल रूट के अलावा अलेवा, खरैंटी व धनाना जैसी लोकल रूट पर बसों का संचालन बाधित हो रहा है। साल के अंतिम दो महीने रहने के कारण रोडवेज चालक व परिचालक अपने ओवरटाइम रेस्ट, सीएल व ईएल ले रहे हैं। वहीं वाया सोनीपत होकर दिल्ली जाने वाली बस को अब सोनीपत तक ही भेजा रहा है। रोहतक रूट पर दिन के समय में तो बसों का संचालन सुचारू रूप से चलता रहता है, लेकिन दोपहर बाद बसों के चक्कर कम हो जाते हैं। पहले 20 से 25 कर्मचारी ही कर्मचारी रेस्ट पर रहते थे। जींद डिपो में इस समय लगभग 170 बस हैं, जिसमें किलोमीटर स्कीम की 37 बस शामिल हैं। डिपो में चालक व परिचालाकों की संख्या 200 से ज्यादा है। हर रोज डिपो की बसों में लगभग 15 हजार यात्री सफर करते हैं, जिससे डिपो को हर रोज लगभग दस लाख रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त होता है। अल सुबह जींद से दिल्ली, गुरुग्राम, पांवटा साहिब, यमुनानगर व हरिद्वार जैसे लंबे रूट पर बस चलती हैं। सुबह सात बजे के बाद रोहतक, कैथल, भिवानी जैसे रूट पर बस शुरू हो जाती हैं। नरवाना, गोहाना, पानीपत व असंध जैसे रूट पर प्राइवेट बसों की संख्या ज्यादा है। ज्यादा कर्मचारी चल रहे रेस्ट पर बस स्टैंड जींद के डीआइ सुनील पूनिया ने बताया कि साल के अंतिम दो महीने में ज्यादा कर्मचारी रेस्ट पर चल रहे हैं। पहले की अपेक्षा दो गुना कर्मचारी रेस्ट पर रहते हैं। इससे कुछ रूट पर बसों का संचालन बाधित हो रहा है। महाप्रबंधक से विचार विमर्श कर योजना बनाई जाएगी ताकि बसों का संचालन सुचारू रूप से जारी रहे और यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो

# '11 साल में हरियाणा बना घोटालों की प्रयोगशाला', अभय चौटाला का सरकार पर हमला

यमुनानगर : इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने यमुनानगर दौरे के दौरान राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में हरियाणा ह्लघोटालों की प्रयोगशालाह्व बन गया है। चौटाला का दावा है कि प्रदेश में अब तक 21 से अधिक बड़े घोटाले उजागर हो चुके हैं, लेकिन सरकार जांच कराने के बजाय लगातार नए विवादों को जन्म दे रही है। अभय चौटाला ने आरोप लगाया कि धान खरीद, शराब कारोबार, पेपर लीक और जमीन रजिस्ट्री जैसे अहम क्षेत्रों में भ्रष्टाचार की परतें खुलती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन घोटालों का सीधा असर



आम जनता पर पड़ रहा है और लोगों की मेहनत की कमाई पर डाका डाला जा रहा है।

विधानसभा सत्र को लेकर उन्होंने सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि सत्ता पक्ष जनहित के मुद्दों पर चर्चा से बचता है और सत्र को केवल औपचारिकता बनाकर खत्म कर देता है। चौटाला ने बताया कि इनेलो की ओर से सत्र में 10 से अधिक कॉलिंग अटेंशन मोशन दिए गए हैं,

जिनमें बढ़ते अपराध, किसानों की समस्याएं, बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और कानून-व्यवस्था जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं, लेकिन सरकार इन पर गंभीर चर्चा को तैयार नहीं है। राहुल गांधी के वोट चोरी वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए अभय चौटाला ने कहा कि यदि ऐसा होता तो बिहार में कांग्रेस की सरकार बनती। उन्होंने कहा कि जनता ने इस तर्क को खारिज कर दिया है और चुनावी नतीजों ने सच्चाई सामने रख दी है। हार के बाद दूसरों पर आरोप मढ़ने की राजनीति से जनता ऊब चुकी है।

पार्टी संगठन को लेकर उन्होंने दावा किया कि इनेलो में घर वापसी का सिलसिला जारी है और बड़ी संख्या में पुराने कार्यकर्ता लौट रहे हैं। चौटाला ने कहा कि आने वाले वर्षों में हालात ऐसे बनेंगे कि भाजपा को समय से पहले सत्ता छोड़नी पड़ेगी।

# हरियाणा का ये जिला गैस चैंबर में तब्दील, AQI 468 पहुंचा



रेवाड़ी : धारूहेड़ा में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। रविवार को धारूहेड़ा का अधिकतम एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 468 दर्ज किया गया, जो कि अत्यंत गंभीर श्रेणी में आता है। वहीं रविवार सुबह औसत AQI 396 रिकॉर्ड किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य को लेकर चिंता गहरा गई है। बढ़ती ठंड के साथ प्रदूषण का यह स्तर आमजन के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। सांस, आंखों और फेफड़ों से जुड़ी परेशानियों का जोखिम बढ़ गया है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों के लिए हालात और भी चिंताजनक हैं। दिल्ली-एनसीआर में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए ग्रेप-4 (GRAP-4) की सख्त पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। ऐसे में धारूहेड़ा सहित रेवाड़ी क्षेत्र में भी प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत महसूस की जा रही है। आमजन से अपील है कि अनावश्यक बाहर निकलने से बचें और सावधानी बरतें।

## खबर एक्सप्रेस

### जुलाना में कोहरे की वजह से टकराए दर्जनों वाहन, रोडवेज बस के 4 यात्री घायल, लंबा जाम लगा



जुलाना : जुलाना से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-152ऊपर सुबह कोहरे की वजह से कई वाहन आपस में टकरा गए। हादसा इतना गंभीर था कि हाईवे की तीनों लेनों में लंबा जाम लग गया और सैकड़ों वाहन फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार, अंबाला से नारनौल की ओर जा रहे वाहनों की रफ्तार कोहरे के कारण थम नहीं पाई और एक के बाद एक दर्जनों वाहन टकराते चले गए। इस दुर्घटना में हरियाणा रोडवेज की एक बस, चार ट्रक और कई छोटे वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। बस में सवार चार यात्रियों को चोटें आईं, जिन्हें तुरंत उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की सूचना मिलते ही जुलाना सहित आसपास के तीन पुलिस थानों की टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिस और प्रशासन ने हाइड्रा मशीन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया और कड़ी मशक्कत के बाद हाईवे पर यातायात बहाल कराया।पुलिस जांच अधिकारी सुल्तान सिंह ने बताया कि हादसे की मुख्य वजह घना कोहरा और कम दृश्यता रही है। उन्होंने कहा कि घायलों की हालत फिलहाल स्थिर है और सभी को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे के मौसम में गति नियंत्रित रखें और सावधानी बरतें।

# हरियाणा में बनेंगे 4 हजार नए राशन डिपो, अब 500 राशन कार्ड पर होगा 1 डिपो




चंडीगढ़ : प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर ली है। सरकार प्रदेशभर में करीब 4 हजार नए राशन डिपो खोलने की योजना पर काम कर रही है। खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रारंभिक मंजूरी मिल चुकी है। योजना के अनुसार हर जिले और गांव में 500 राशन कार्ड पर एक नया राशन डिपो स्थापित किया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को अपने नजदीकी क्षेत्र में ही राशन उपलब्ध हो सकेगा।

इस प्रस्ताव के तहत महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। कुल नए डिपो में से लगभग 33 प्रतिशत, यानी करीब 1320 डिपो महिलाओं के लिए आरक्षित रखने की योजना है। इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। हालांकि, योजना को लागू करने से पहले कुछ औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी की जानी बाकी हैं। इनमें पात्रता के नियम, आवेदन की शर्तें, जांच प्रक्रिया और तकनीकी तैयारियां शामिल हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, इन प्रक्रियाओं के दौरान आवश्यकतानुसार कुछ बदलाव भी संभव हैं। सरकार का लक्ष्य है कि जनवरी माह के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएं।

खाद्य आपूर्ति विभाग के सुपरिंटेंडेंट अश्वनी कुमार ने बताया कि नए डिपो खोलने के प्रारंभिक प्रस्ताव को मुख्यमंत्री की स्वीकृति मिल चुकी है। सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद इस प्रस्ताव को कैबिनेट बैठक में अंतिम मंजूरी के लिए रखा जाएगा। कैबिनेट से हरी झंडी मिलने के बाद जनवरी के अंत तक नए राशन डिपो के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। आवेदन अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।वर्तमान स्थिति की बात करें तो हरियाणा में इस समय 9247 राशन डिपो संचालित हैं। इन डिपो के माध्यम से 40 लाख 69 हजार से अधिक परिवारों को राशन की आपूर्ति की जा रही है, जिनमें कुल 1 करोड़ 59 लाख से ज्यादा सदस्य पंजीकृत हैं। राज्य में पीला (BPL), गुलाबी (AAY) और खाकी श्रेणी के राशन कार्ड जारी किए जाते हैं। पीले कार्डधारकों को प्रति सदस्य 5 किलो गेहूं, 2 लीटर तेल और 1 किलो चीनी मिलती है, जबकि गुलाबी कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलो गेहूं, 2 लीटर सरसों का तेल और 1 किलो चीनी दी जाती है। नए डिपो खुलने से राशन वितरण व्यवस्था और अधिक सुगम व पारदर्शी होने की उम्मीद है।

## हरियाणा के किसानों के लिए कोहरा लाया खुशखबरी, इन फसलों के लिए फायदेमंद रहेगा ये मौसम



नूंह : नूंह जिले में मौसम ने अचानक तीखे तेवर दिखा दिए हैं। तड़के सुबह से ही घने कोहरे ने पूरे नूंह जिले को अपने आगोश में ले लिया, वहीं हाड़ कंपा देने वाली ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। रविवार को गलियों, चौक-चौराहों और बाजारों में लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते नजर आए। कोहरे की मोटी चादर के कारण सड़कों पर दृश्यता बेहद कम रही, जिससे वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। हाईवे से लेकर ग्रामीणों में सड़कों तक वाहन रेंगते दिखाई दिए। चालकों ने हेडलाइट जलाकर सावधानीपूर्वक वाहन चलाए, ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले मजदूरों, बुजुर्गों और बच्चों पर ठंड का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला। ठंड के इस मौसम में चाय की दुकानों पर खासा जमावड़ा नजर आया, जहां लोग गरमागरम चाय की चुस्कियां लेते हुए ठंड से राहत लेते दिखे। हालांकि यह मौसम किसानों के लिए खुशखबरी लेकर आया है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक घना कोहरा और ठंड रबी फसलों के लिए बेहद फायदेमंद मानी जा रही है। इससे गेहूं, सरसों सहित अन्य फसलों में नमी बनी रहेगी, जिससे पैदावार बेहतर होने की उम्मीद है। वहीं मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी ठंड और कोहरे के बने रहने की संभावना जताई है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने, सुबह और देर रात अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।

### हरियाणा में इस जगह बनेगी नई IMT, इन गांवों के लोगों की होगी मौज



हरियाणा : हरियाणा की औद्योगिक संरचना विकास निगम (एचएसआइआइडीसी) ने खरखौदा इंडस्ट्रियल माडल टाउन (IMT) के फेज-2 के विस्तार की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। पहले चरण में इसके लिए जमीन की मूल्यांकन का काम होगा। इसके बाद क्टळ का विस्तार सोनीपत के साथ झज्जर की ओर होगा। जिसके चलते किसानों की जमीन को चिन्हित किया जाएगा। बताया जा रहा है कि आईएमटी बनाने के लिए 5800 एकड़ जमीन पर काम शुरू होगा। एचएसआइआइडीसी की ओर से जो योजना बनाई गई है, उसके हिसाब से IMT को विस्तार देने के लिए जमीन का चयन इस प्रकार किया गया है, जिससे कि KMP एक्सप्रेसवे को क्रास न करना पड़े। इसे दिल्ली-जम्मू कटरा एक्सप्रेसवे से कनेक्ट किया जाएगा। इसका फायदा यह होगा कि भविष्य में यहां स्थापित होने वाले उद्योगों को दोनों एक्सप्रेसवे का सीधा लाभ मिल सकेंगे। वहीं सोनीपत के खरखौदा क्षेत्र के पांच गांवों की जमीन पर IMT का विस्तार होगा। जिसके चलते झज्जर के छह गांवों में 3,625 एकड़ जमीन चिह्नित कर ली गई है, जबकि सोनीपत के पांच गांवों की 2,175 एकड़ जमीन को शामिल किया गया है। आसपास के गांवों में जमीन के दाम 8 से 10 करोड़ रुपये प्रति एकड़ पहुंच चुके हैं।

# जुलाना में हुई खाप पंचायत, परिजनों ने सरकार के प्रति जताई नाराजगी



जुलाना : अरकसंदीप लाठर सुसाइड केस को लेकर नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। जुलाना क्षेत्र की खाप पंचायत ने मृतक के ममेरे भाई संजय देशवाल के कार्यालय पहुंचकर बैठक की और सरकार की ओर से अब तक की गई कार्रवाई पर असंतोष जताया। पंचायत में स्पष्ट कहा गया कि सरकार द्वारा किए गए आश्वासनों में से एक भी मांग अब तक पूरी नहीं हुई है, जिससे परिवार और समाज में रोष है। बैठक के दौरान संजय देशवाल ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर संदीप लाठर को शहीद का दर्जा देने की मांग उठाई थी। मुख्यमंत्री की ओर से भरोसा दिलाया गया था कि इस विषय पर अधिकारियों की एक टीम काम कर रही है, लेकिन कई महीने बीत जाने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस फैसला नहीं लिया गया। एक दिन की सैलरी नहीं दी उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस महानिदेशक (DGP) की ओर से एक पत्र जारी कर प्रदेश के सभी पुलिस कर्मियों की एक दिन की सैलरी पीड़ित परिवार को देने की बात कही गई थी। इसके लिए अधिकारियों का अलग-अलग स्लैब भी तय किया गया था, लेकिन अब तक प्रदेशभर से यह राशि एकत्र नहीं हो पाई है। इस मुद्दे को भी पंचायत में गंभीरता से उठाया गया।लाढ़ोत गांव में किया था सुसाइड गौरतलब है कि अरकसंदीप लाठर ने 14 अक्टूबर को रोहतक के गांव लाढोत में अपने मामा के खेतों में बने में सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली थी।

सुसाइड से पहले उन्होंने एक वीडियो रिकॉर्ड किया और 4 पन्नों का सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें एक आईपीएस अधिकारी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए थे। परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

## आपस में टकराई कई गाड़िया, एक दर्जन से ज्यादा घायल...3 की हालत गंभीर

सोनीपत : सोनीपत से गुजरने वाले केएमपी एक्सप्रेसवे ड्डपर घने कोहरे की वजह से बड़ा हादसा हो गया। धुंध में लगभग एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं, जिसमें कई महिलाएं, बच्चे और अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत सोनीपत के नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद एक महिला और दो अन्य को आगे के इलाज के लिए रोहतकड्ढक्क्ट्टरेफर किया गया। तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे में घायल एक महिला ने बताया कि वह सभी बागपत से हरियाणा आ रहे थे इस दौरान गाड़ियां एक के बाद एक टकरा गई।वही एक अन्य घायल बुजुर्ग ने का कहना है कि हाईवे पर दृश्यता बहुत कम थी, इसलिए एक गाड़ी की टक्कर के बाद नहीं बची और अन्य गाड़ियों भी टकरा गई। सिविल अस्पताल में इलाज करने वाले डॉक्टर ने बताया कि कोहरे जायदा होने के कारण केएमपी पर लगभग एक दर्जन वाहन आपस में टकरा गए हैं। इसके बाद इलाज के लिए सभी अस्पताल आए हैं। 8 से ज्यादा महिला ,बुजुर्ग व अन्य अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे हैं जिनमें से तीनक हालत गंभीर है क्योंकि सभी के सिर में चोट लगी हुई है इलाज के लिए रोहतक पीजीआई भेजा गया है।

### फैक्ट्री में लिफ्ट में दबने से वर्कर की मौत, 16 साल से यहां पर कर रहा था काम



पानीपत : पानीपत जिले के रिसालू रोड स्थित वाइप्स इंटरनेशनल फैक्ट्री में वर्कर की काम करते समय लिफ्ट में दबने से मौत हो गई। मृतक रविंदर पानीपत की संजय कॉलोनी का रहने वाला था। रविंदर लिफ्ट के पास काम कर रहा था, तभी अचानक लिफ्ट नीचे आ गई। फिलहाल रविंद्र के शव को पानीपत के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए रखवाया गया है। रविंद्र पिछले 16 साल से इसी फैक्ट्री में कार्यरत था। फैक्ट्री मालिक पर लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है।

# केन्द्र सरकार ने राजस्थान-हरियाणा से तत्काल मांगा टाइम-बाउंड रोडमैप



हरियाणा : यमुना जल समझौते पर केन्द्र सरकार ने अब राजस्थान और हरियाणा सरकार से काम की विस्तृत कार्ययोजना मांगी है। इसके पीछे मंशा है कि अलाइनमेंट के बाद के काम भी तय समय पर पूरे हों। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल के साथ हुई हाईलेवल बैठक के बाद मंत्रालय इस परियोजना को लेकर सक्रिय हो गया है। मंत्रालय चाहता है कि दोनों राज्य तय अलाइनमेंट के अनुरूप कब, क्या और कैसे काम आगे बढ़ाएंगे, इसका स्पष्ट रोडमैप तत्काल भेजें। इसी आधार पर परियोजना की टाइमलाइन तैयार की जाएगी, ताकि काम मौजूदा केंद्र सरकार के कार्यकाल में ही शिलान्यास और निर्माण तक पहुंच सके। संभव है कि केन्द्र स्तर पर एक कमेटी सक्रिय हो, जो समीक्षा करे। परियोजना में 300 किलोमीटर लंबाई में पाइपलाइन बिछाने के लिए अलाइनमेंट सर्वे हुआ है। इसमें 290 किलोमीटर हिस्सा हरियाणा में और 10 किलोमीटर हिस्सा राजस्थान में है।

यह करना है

1- अंतिम रूप दिए गए अलाइनमेंट के अनुसार निर्माण कार्य के चरण तय होंगे।

2- भूमि अधिग्रहण, डीपीआर अपडेट, फंडिंग पैटर्न और इंटरस्टेट कॉर्डिनेशन से जुड़े बिंदुओं पर स्थिति।


3- कार्य के हर चरण की समय सीमा (टाइम-बाउंड प्लान), जिससे मंत्रालय स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग हो सके।

# कैथल में युवती ने साथियों संग करवाया युवक का अपहरण, फिर खुद किया डायल 112 पर फोन



कैथल : कैथल जिले में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक को दिनदिहाड़े पार्क से अगवा कर लिया गया। मामला बस स्टैंड और जवाहर पार्क इलाके का बताया जा रहा है। पीड़ित का नाम मनदीप है, जो कलायत के एक गांव का रहने वाला है। मनदीप का आरोप है कि उसकी करीब चार साल से एक युवती लड़की से दोस्ती थी, लेकिन पिछले कुछ महीनों से दोनों के बीच अनबन चल रही थी। 13 दिसंबर को बस स्टैंड पर दोनों की मुलाकात हुई, जिसके बाद विवाद बढ़ गया।आरोप है कि सुष्मिता के साथ आए कुछ युवक मनदीप को जवाहर पार्क में बुलाकर वहां मारपीट करने लगे। जब लोगों की भीड़ जमा होने लगी तो आरोपियों ने उसे गाड़ी में डालकर अगवा कर लिया। पीड़ित के अनुसार गाड़ी को सनी नामक युवक चला रहा था, जबकि लड़की अपने दो भाइयों और कुछ अन्य लोग भी मौजूद थे। रास्ते में मनदीप के साथ डंडों से पिटाई की गई और उसकी वीडियो बनाकर उससे जबरन बयान दिलवाया गया। बाद में लड़की ने खुद डायल 112 पर कॉल की, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। कलायत थाना पुलिस ने गाड़ी और कुछ आरोपियों को काबू कर लिया। घायल मनदीप को पहले कलायत अस्पताल और फिर रेफर करके कैथल के सरकारी अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे कुल छह चोटें बताई हैं। पुलिस ने मामले में धारा 115, 190, 191(3), 140(4) इठर और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, दो अन्य आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा और लड़की से भी पूछताछ की जाएगी।

### बदमाशों ने दिनदहाड़े दुकान में की फायरिंग, व्यापारी से मांगी 50 लाख की फिरौती



नरवाना : जींद जिले के नरवाना में बदमाशों ने रविवार को दिनदहाड़े फायरिंग कर दहशत फैला दी। शहर के मेन बाजार में जैन गारमेंट्स के मालिक नरेश जैन से 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। बदमाश ने खुद दुकान पर पहुंचकर फिरौती की पर्ची सौंपी, जिसमें 3 दिन के भीतर रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। बदमाश ने पर्ची में लिखा, अगर पैसे नहीं दिए तो अगली गोली छाती में लगेगी। घटना के दौरान बदमाश ने दुकान पर गोली चला दी, जिससे शीशा टूट गया। गनीमत रही कि उस वक्त दुकान में मौजूद व्यापारी और ग्राहक बाल-बाल बच गए। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि बदमाश वारदात से पहले इलाके की रेकी कर रहा था और पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। इससे पहले भी व्यापारी से फिरौती मांगे जाने की जानकारी सामने आई है।सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी भी मौके पर पहुंचे और व्यापारी को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी आत्मा राम ने कहा कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

### मोबाइल देखते-देखते थम गई जिंदगी, होटल मालिक ने कुछ इस तरीके से दुनियां को कहा अलिविदा



नारनौलः हरियाणा के नारनौल में 42 वर्षीय होटल मालिक की उन्हीं के होटल में कुर्सी पर बैठे-बैठे हार्ट फेल हो जाने से मौत हो गई।होटल मालिक के हार्ट फेल होने का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें वह मोबाइल देखते-देखते कुर्सी से नीचे लुढ़क जाते हैं।सूचना मिलने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। मरने वाले की पहचान गांव गाहड़ा निवासी सुनील शर्मा के रूप में हुई। सुनील शर्मा ने कनीना में अपना होटल किराये पर दिया हुआ है। उनका मुख्य काम पशु आहार बनाने का है. वहीं उनके राजस्थान में कंस्ट्रक्शन के ठेके भी हैं। शुक्रवार रात को करीब साढ़े सात बजे सुनील कुमार अपने घर से खाना खाने के बाद टहलने के लिए निकले थे। टहलने के बाद वह अपने होटल में चले गए, जहां पर वह काउंटर की कुर्सी पर जाकर बैठ गए. कुर्सी पर बैठने के बाद वह अपने मोबाइल को देखने लग गए।करीब दो से तीन मिनट ऐसा लगा कि उनको नींद आने लगी। इसके बाद वह कुर्सी से नीचे गिर गए।उनको कुर्सी से नीचे गिरा देखकर वहां पर मौजूद किरायेदार व अन्य कर्मचारियों ने उठाया. फौरन अस्पताल लेकर गए। डाक्टरों ने सुनील कुमार को मृत घोषित कर दिया।

# 80 साल के बुजुर्ग को 62 साल बाद मिला इंसाफ, हक के लिए लगाए अदालतों के कई चक्कर

फरीदाबादः लंबे समय से चल रहा जमीन से जुड़ा एक कानूनी विवाद आखिरकार 62 साल बाद अपने अंजाम तक पहुंच गया है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने फरीदाबाद में छह दशक पुराने इस संपत्ति विवाद पर अंतिम फैसला सुनाते हुए निजी डेवलपर के खिलाफ मूल अलॉटी के अधिकारों को पूरी तरह बरकरार रखा है। जमीन की मौजूदा कीमत 7 करोड़ रुपये दरअसल फरीदाबाद जिले में 5,103 वर्गफुट की वह जमीन, जिसे 62 साल पहले 14,000 रुपये से भी कम में खरीदा गया था, अब मौजूदा बाजार कीमत करीब 7 करोड़ रुपये होने के बावजूद केवल 25% अतिरिक्त नाममात्र राशि पर सौंपे जाने का आदेश दिया गया है. इस संपत्ति के एकमात्र वारिस सी. के. आनंद की उम्र 80 वर्ष से अधिक है. जस्टिस दीपक गुप्ता की पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, ह्यजो पक्ष दशकों तक अपने दायित्वों के पालन को टालता रहा हो, वह बाजार कीमतों में बढ़ोतरी को ढाल बनाकर नहीं अपना सकता। आधी रकम जमा कर दी गई थी मामला 1963 का है, जब एम/एस आरसी सूद एंड कंपनी लिमिटेड ने फरीदाबाद के सूरजकुंड के पास ईरोस गार्डन्स कॉलोनी शुरू की और खरीदार नांकी देवी (आनंद की मां) से अग्रिम राशि



ली. कंपनी ने प्लॉट नंबर 26-ए (350 वर्ग गज) और प्लॉट नंबर बी-57 (217 वर्ग गज) क्रमशः 24 और 25 रुपये प्रति वर्ग गज की दर से बेचने का समझौता किया। नांकी देवी ने लगभग आधी रकम जमा कर दी थी। इसके बाद वैधानिक अड़चनों, प्रशासनिक देरी और पीढ़ियों तक चली कानूनी लड़ाइयों का सिलसिला शुरू हुआ। 1963 का पंजाब शेड्यूल्ड रोड्स एंड कंट्रोल्ड एरियाज एक्ट और 1975 का हरियाणा डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन ऑफ अर्बन एरियाज एक्ट लागू होने के बाद डेवलपर ने इन्हें कब्जा न देने का कारण बताया। 1980 के दशक के मध्य में, तीसरे पक्ष को प्लॉट बेचे जाने की आशंका पर अलॉटियों ने केवल बिक्री रोकने के लिए अदालत का रुख किया। तब भी हाईकोर्ट ने माना कि अलॉटमेंट वैध हैं और कंपनी उन्हें एकतरफा रद्द नहीं कर सकती. इसके बावजूद कब्जा नहीं मिला।2002 में मुकदमेबाजी का नया दौर शुरू हुआ. निचली अदालतों ने अलॉटियों के पक्ष में फैसला दिया, लेकिन डेवलपर हाईकोर्ट पहुंचा और समय-सीमा, 1964 में कथित रद्दीकरण और छह दशक पुराने सौदे को आज के बाजार में लागू करना अनुचित होने जैसे तर्क दिए. जस्टिस गुप्ता ने शनिवार को जारी 22 पन्नों के फैसले में इन सभी दलीलों को खारिज कर दिया।

# भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान को हराया

**दुबई (एजेंसी)।** आरोन जॉर्ज के शानदार अर्धशतक के बाद दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान की घातक गेंदबाजी की सहायता से भारतीय टीम ने पाकिस्तान को अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट मैच में 90 रनों से हरा दिया। इस मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतने के बाद भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया था। भारत ने आरोन के 85 और कनिष्क के 46 रनों की सहायता से 46.1 ओवर में 240 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान टीम 41.2 ओवर में 150 रन ही बना पायी। पाकिस्तान की टीम 241 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भातरीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी। उसकी शुरूआत धीमी और टीम के लगातार विकेट गिरते गये। केवल हुजैफा अहसान ही 50 रन बनाये पाये। इस खिलाड़ी के आउट होते ही पाक टीम की बल्लेबाजी ढ़ह गयी।

इससे पहले आरोन और कनिष्क की अच्छी बल्लेबाजी से भारतीय टीम ने 240 रन बनाए। इस मैच में आरोन ने 85 रन की अर्धशतकीय पारी खेली जबकि कनिष्क ने 46 रन बनाये। वहीं पाक की ओर से मोहम्मद सैय्यम और अब्दुल सुभान ने 3-3 विकेट लिए। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी आज असफल रहे और केवल 5 रन ही बना पाये। वह 3.2 ओवर में मोहम्मद सैय्यम का शिकार बने।

यशस्वी के अलावा भारतीय टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे भी 38 रन ही बना पाये। विहान मल्होत्रा ने 12 रन जबकि वेदांत त्रिवेदी ने 7 रन बनाये। अभिज्ञान कुंडू ने 32 गेंदों पर 22 रन बनाए। आरोन ने सबसे बेहतर खेलते हुए 12 चौके और एक छक्का लगाकर 88 गेंदों पर 85 रन बनाए। खिलान पटेल केवल 6 रन ही बना पाये। कनिष्क चौहान 46 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 46 गेंदों पर 2 चौके, 3 छक्के लगाये। -हेनिल पटेल12 रन जबकि दीपेश देवेंद्रन 1रन बनाकर पेवेलियन लौटे।



# भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी भी प्राप्त करने वाला - अमित शाह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावे के साथ कहा है कि भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी भी प्राप्त करने वाला है। उन्होंने यह बात अहमदाबाद में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में कही। अमित शाह ने महोत्सव में उपस्थित लोगों से कहा कि वे और भी बड़े खेलों के आयोजन के लिए तैयार हो जाएं।

सांसद खेल महोत्सव में अमित शाह ने कहा, आप सबको हाल ही में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिली है। मगर अहमदाबाद के लोगों तैयार हो जाओ, क्योंकि इस शहर में 2036 के ओलंपिक्स भी आने वाले हैं। बता दें कि यह समारोह नारनपुरा में हुआ, जहां अमित शाह नवनिर्मित वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहुंचे थे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार से गुजरात की तीन दिवसीय यात्रा शुरू की थी। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद 2036 से पहले कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के इवेंट्स की मेजबानी करने वाला है। उन्होंने अपना उद्देश्य स्पष्ट रखते हुए कहा कि उनका लक्ष्य खेलों का ऐसा माहौल तैयार करना और एक ऐसा बुनियादी ढांचा तैयार करना है, जो ओलंपिक्स जैसे बड़े आयोजनों का समर्थन कर सके।

उन्होंने बताया कि अहमदाबाद में किस स्तर पर खेलों के विकास का प्रयास हो रहा है। 800 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया वीर सावरकर कॉम्प्लेक्स इसी का एक उदाहरण है। इसके अलावा उन्होंने मोटेरा स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स एंक्लेव का भी जिक्र किया।

अमित शाह ने आत्मविश्वास के साथ कहा, मुझे विश्वास है कि जब भारत ओलंपिक्स की मेजबानी करेगा, तब भारत पदक विजेता देशों की टॉप-5 सूची में आ जाएगा। उन्होंने बताया कि 2014 में खेल बजट 800 करोड़ का था, लेकिन अगले 11 सालों में यह बढ़कर 2025 में 4 हजार करोड़ का हो गया है।

# हार्दिक पांड्या ने अपने नाम की बड़ी उपलब्धि, टी20आई में ये रिकॉर्ड बनाने वाले पहले भारतीय बने



**नई दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे तीसरे मैच में हार्दिक पांड्या ने बड़ा रिकॉर्ड बनाते हुए टी20आई में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए हैं। धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। हार्दिक से पहले अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह इस मुकाम को हासिल कर चुके हैं।

पांड्या को टी20आई में 100 विकेट पूरे करने के लिए एक विकेट की जरूरत थी। उन्होंने ट्रिस्टन स्टब्स को 6.6 ओवर में जितेश शर्मा के हाथों आउट करवाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। इतना ही नहीं पांड्या भारत के लिए टी20आई में 100 विकेट लेने और 1000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी हैं। वहीं ओवरऑल बात करें तो वह इस एलीट लिस्ट में जिम्बाब्वे के सिकंदर रज़ा, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी के साथ शामिल हो गए हैं।

### टी20आई में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट

अर्शदीप सिंह - 71 मैचों में 108 विकेट

जसप्रीत बुमराह - 82 मैचों में 101 विकेट

हार्दिक पांड्या - 123 मैचों में 100 विकेट

युजवेंद्र चहल - 80 मैचों में 96 विकेट

भुवनेश्वर कुमार - 87 मैचों में 90 विकेट

### प्लेइंग 11

भारत : अभिषेक शर्मा, शुबमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती

दक्षिण अफ्रीका : रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), एडेन मार्कराम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, डोनोवन फरेरा, मार्को जेनसन, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नॉर्टजे, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन

# गिल के मुकाबले इस बल्लेबाज का फॉर्म भारत के लिए ज्यादा चिंता की बात : मोहम्मद कैफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि ICC T20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले शुभमन गिल के मुकाबले सूर्यकुमार यादव का फॉर्म मेन इन ब्लू के लिए ज्यादा चिंता का विषय है। टी20 वर्ल्ड कप का 10वां एडिशन 7 फरवरी 2026 को शुरू होगा और 8 मार्च को फाइनल तक होगा। भारत और श्रीलंका 20 टीमों के इस टूर्नामेंट की सह-मेजबानी 29 दिनों में आठ जगहों (भारत में पांच और श्रीलंका में तीन) पर करेंगे।

### सूर्या का फॉर्म भारत के लिए ज्यादा चिंता का विषय : कैफ

इस साल टी20आई क्रिकेट में दोनों बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए मोहम्मद कैफ को लगता है कि भारत को गिल के बजाय सूर्या के फॉर्म के बारे में ज़्यादा चिंता करनी चाहिए क्योंकि एक तय कप्तान को बदला नहीं जा सकता। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'टी20 वर्ल्ड कप नजदीक है, इसलिए गिल के मुकाबले सूर्या का फॉर्म भारत के लिए ज्यादा चिंता का विषय है। भारत के पास ओपनिंग के कई विकल्प हैं, लेकिन एक तय कप्तान को बदला नहीं जा सकता।'



### 2025 में एक भी फिफ्टी नहीं लगा पाए सूर्या और गिल

टी20आई क्रिकेट में सूर्यकुमार का फॉर्म तेजी से गिरा है। भारत के टी20आई कप्तान ने इस साल 19 मैचों में 201 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार इस साल टी20आई में अभी तक एक भी फिफ्टी नहीं बना पाए हैं। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज का औसत 14.35 और स्ट्राइक रेट 126.41 रहा है। दूसरी ओर गिल का भी टी20आई क्रिकेट में यह साल अच्छा नहीं रहा है। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने इस साल सबसे छोटे फॉर्मेट में 14 मैचों में 263 रन बनाए हैं। गिल अभी तक एक भी फिफ्टी नहीं बना पाए हैं। उनका औसत 23.90 और स्ट्राइक रेट 142.93 है।

# आईपीएल2026 ऑक्शन से पहले सरफराज खान का धमाका, सिर्फ इतनी गेंदों में जड़ी तूफानी फिफ्टी

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन से पहले सरफराज खान ने अपने बल्ले से जोरदार संदेश दे दिया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में मुंबई की ओर से खेलते हुए सरफराज ने हरियाणा के खिलाफ महज 25 गेंदों में 64 रनों की विस्फोटक पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 18 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और 256 के शानदार स्ट्राइक रेट से रन बरसाए। उनकी इस पारी में 9 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।

### हरियाणा के गेंदबाजों पर बरपा कहर

सुपर लीग के शुरुआती मुकाबले में हैदराबाद के खिलाफ फ्लॉप रहने के बाद सरफराज ने जोरदार वापसी की। हरियाणा के खिलाफ उन्होंने शुरू से ही आक्रामक तेवर दिखाए और गेंदबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। उनकी यह पारी ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजियों का ध्यान खींचने के लिए काफी मानी जा रही है।

### हाई-स्कोरिंग मैच में मुंबई की शानदार जीत

इस मुकाबले में हरियाणा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 234 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने आक्रामक अंदाज में लक्ष्य का पीछा किया। सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल के बीच 37 गेंदों में 88 रनों की तेज साझेदारी हुई। जायसवाल ने 50 गेंदों में 101 रन की शतकीय पारी खेली और मुंबई ने 15 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इस रोमांचक टी20 मैच में कुल 472 रन बने।

### ऑक्शन के पहले सेट में शामिल सरफराज

आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी में होगा। 1000 से ज्यादा खिलाड़ियों में से 350 को शॉर्टलिस्ट किया गया है। सरफराज खान का नाम ऑक्शन के पहले सेट में शामिल है, जिसमें पृथ्वी शॉ, कैमरून ग्रीन, टिम डेविड, डेवोन कॉनवे और जेक फ्रेजर मैकगर्क जैसे बड़े नाम भी मौजूद हैं। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए सरफराज पर बड़ी बोली लगने की पूरी संभावना है।



# विजय हजारे ट्रॉफी खेल सकते हैं रोहित शर्मा और विराट कोहली

नई दिल्ली । रोहित शर्मा और विराट कोहली इस साल विजय हजारे ट्रॉफी खेल सकते हैं । कोहली का नाम भारत के प्रमुख 50 ओवर के घरेलू टूर्नामेंट के लिए दिल्ली की संभावित टीम में शामिल होने के बाद , रोहित का चयन भी लगभग तय है । पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की मुंबई में विजय हजारे ट्रॉफी के कुछ मैचों में खेलने की संभावना हैं ताकि भारत की अगली वनडे सीरीज से पहले उन्हें तैयारी का मौका मिल सके । दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सफल सीरीज के बाद, भारत की अगली वनडे द्विपक्षीय सीरीज न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होगी ।

इसका मतलब है कि उस सीरीज से पहले काफी समय है और अब केवल वनडे फॉर्मेट में खेलने वाले रोहित शर्मा और कोहली घरेलू क्रिकेट में खेल सकेंगे । यह बीसीसीआई की उस नीति के अनुरूप भी है जिसके तहत फिट और उपलब्ध सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू मैच खेलना अनिवार्य है । महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के एक सूत्र ने बताया, 'टीम का चयन हर मैच के आधार पर किया जाएगा और हमें उम्मीद है कि रोहित कुछ मैच खेलेंगे, हालांकि अभी तक उनकी तरफ से कोई पुष्टि नहीं मिली है, लेकिन अभी समय है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के बाद अगले हफ्ते टीम का चयन होने की संभावना है । अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे मैच भी हैं, इसलिए उनकी उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।'

# मंधाना ने हरमनप्रीत के नाम का स्टैंड बनने पर दी बधाई, कहा मुझे तुम पर गर्व है

नई दिल्ली । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाम पर एक स्टैंड का नाम किये जाने पर बधाई देते हुए कहा है कि मुझे तुम पर गर्व है । मंधाना ने हरमनप्रीत को सोशल मीडिया पर बधाई देते हुए लिखा कि महिला क्रिकेट के लिए ये दिन दिन काफी अच्छा रहा जब किसी खिलाड़ी के नाम पर स्टैंड बना है। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने विश्व विजेता टीम की कप्तान हरमनप्रीत को सम्मानित करने उनके नाम पर एक स्टेडियम का उद्घाटन किया था । बीसीसीआई ने हरमनप्रीत का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया है । इसे साझा करते हुए मंधाना ने लिखा, 'बधाई हो हरमनप्रीत। महिला क्रिकेट के लिए क्या शानदार दिन है, मुझे तुम पर बहुत गर्व है ।' इस वीडियो में हरमनप्रीत ने कहा, 'विश्व कप जीतने के बाद मेरी जिंदगी में बहुत कुछ बदल गया है पर मुझे लगता है कि यह मेरे लिए एक खास पल है जिस मैदान पर मैंने खेलना शुरू किया था, आज आखिरकार उसपर मेरे नाम पर एक स्टैंड बना है । ये मेरे लिए बेहद गर्व का पल है और मैं इसके लिए पीसीए की आभारी हूं । लंबे संघर्ष के बाद ये दिन आया है । हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय टीम ने आईसीसी विश्वकप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था। वह तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं जिनके नाम पर एक स्टैंड का नाम रखा गया है. इससे पहले झूलन गोस्वामी और मिताली राज के नाम पर स्टैंड बने थे पर हरमनप्रीत को सक्रिकय क्रिकेटर के तौर पर ये सम्मान मिला है । इसके साथ ही हरमनप्रीत को 11 लाख रुपये का चेक भी मिला है । के अलावा अमनजोत कौर और हरलीन देओल को भी 11 लाख रुपये मिले हैं । वहीं फील्डिंग कोच मुनीश बाली को 5 लाख रुपये मिले हैं ।



# नीदरलैंड्स ने अर्जेंटीना को हराकर जीता एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब

**सैंटियागो (चिली) (एजेंसी)।** नीदरलैंड्स ने फाइनल मुकाबले में एक बार फिर से ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर लगातार तीसरी बार एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। डच टीम ने रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप का खिताब जीता और 2022, 2023 और अब 2025 में जीत के साथ लगातार तीसरा खिताब अपने नाम किया।

मैच की शुरुआत में नीदरलैंड्स ने पहले हाफ में एक पेनल्टी कॉर्नर और एक ओपन प्ले से गोल करके मैच अपने नाम कर लिया और फिर निर्णायक चरणों में एक बहुत ही मजबूत रक्षात्मक संरचना के माध्यम से अपनी मामूली बढ़त को बनाए रखा।इस दौरान अर्जेंटीना लगातार दबाव दिखी। नीदरलैंड्स को दूसरे क्वार्टर में सफलता उसम समय मिली जब आइवी टेलियर ने 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके डच टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। गूसजे मोएस ने 27वें मिनट में गोल करके बढ़त को दोगुना कर दिया।




अर्जेंटीना ने रक्षात्मक अनुशासन के साथ जवाब दिया, दबाव के सबसे कठिन चरणों को सहा और पेनल्टी कॉर्नर से अपने पहले स्कोरिंग मौके बनाए, दूसरे क्वार्टर में दो प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ में अर्जेंटीना ने लारा कैसास ने 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया और अर्जेंटीना की खिताबी मुकाबले में वापसी कराई। इसके बाद नीदरलैंड्स ने अपनी रक्षापंक्ति को मजबूत बनाए और रखा और अर्जेंटीना को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। ब्राजील ने चीन को 5-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।

# पीसीबी ने टी20 विश्व कप 2026 पोस्टर में उसके कप्तान को जगह नहीं मिलने पर नाराजगी जतायी , आईसीसी से की शिकायत

लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आरोप लगाया है कि टी20 विश्व कप 2026 के टिकट पोस्टर में पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा की तस्वीर नहीं लगायी गयी है । पीसीबी ने इस बारे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से भी शिकायत की है । पीसीबी का कहना है कि पाक कप्तान को पोस्टर में जगह नहीं दिया जाना संतुलन और निष्पक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ है, क्योंकि पाक टीम टूर्नामेंट का हिस्सा है । पीसीबी ने इस मामले पर आईसीसी को पत्र लिखकर नाराजगी भी जतायी है । पीसीब का कहना है कि ऐसे प्रमोशनल पोस्टर करोड़ों फैंस तक पहुंचते हैं और इनमें पाक कप्तान के नहीं होने से प्रशंसकों को ठेस लगती है । पीबीबी ने ये भी कहा कि एशिया कप के दौरान भी पाक कप्तान को प्रमोशनल कैंपेन में जगह नहीं मिली थी । पीसीबी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि आइसीसी इस मामले पर ध्यान देगी । पाकिस्तान टीम अभी आईसीसी टी20 रैंकिंग में सातवें स्थान पर है पर पीसीबी का मानना है कि रैंकिंग के आधार पर किसी देश के कप्तान की उपेक्षा नहीं की जा सकती । पीसीबी का कहना है कि उसके दुनिया भर में काफी प्रशंसक है और इसी कारण उसे भी बराबर प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए । दूसरी ओर आईसीसी ने अभी तक अपनी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है । अब देखना होगा कि आईसीसी इस मामले में क्या फैसला करता है ।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : यशस्वी के शतक से मुम्बई ने हरियाणा को हराया

मुम्बई । बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के शतक 101 रनों की सहायता से मुम्बई ने हरिणाण के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ट्रॉफी में जीत के लिए मिले 235 रनों के लक्ष्य को छह विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया है । ये इस टूर्नामेंट में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ी जीत है । इससे पहले सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड झारखंड को था जो उसने पंजाब बे खिलाफ 237 रन बनाकर हासिल किया था । इस मैच में अपनी पारी से यशस्वी ने साबित किया है कि वह केवल टेस्ट ही नहीं टी20 के भी अच्छे बल्लेबाज हैं । सुपर लीग के इस मैच में हरियाणा ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए एक बड़ा स्कोर बनाया । । उनके बल्लेबाज़ों ने शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी रते हुए मुंबई के गेंदबाज़ों को कोई मौका नहीं दिया । 235 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछ करते हुए यशस्वी ने पूरी जिम्मेदारी से खेला । नॉकआउट चरण के इस मैच में मुंबई की टीम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया । उसके खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही सराकात्मक रुख अपनाया । इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए यशस्वी जायसवाल ने शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी की । इस बल्लेबाज ने एक के बाद एक आक्रामक शॉट खेले और केवल 48 गेंदों में ही अपने 50 रन पूरे कर लिये । यशस्वी ने अपनी इस पारी में 16 चौके और एक छक्का लगाया । ये उनका टी20 में चौथा शतक था । यशसवी की बल्लेबाजी के सामने हरियाणा के गेंदबाज बेबस दिखे । सबसे अधिक अंशुल कंबोज पर उनका कहर टूटा । कंबोज की 13 गेंदों पर ही उन्होंने 34 रन बना दिये । वहीं सुमित कुमार के एक ओवर में उन्होंने केवल 13 गेंदों में 25 रन बनाये । इससे मुंबई का रन रेट अच्छा बना रहा और उसके बल्लेबाजों पर कोई दबाव नहीं आया । यशस्वी जब आउट हुए तब मुंबई को जीत के लिए केवल सात रन बनाने थे । जीत से सिर्फ सात रन दूर थी ।

# गनथर के खिलाफ हार के साथ ही सीना का 25 साल लंबा डब्ल्यूडब्यलूई करियर समाप्त हुआ



वॉशिंगटन । दिग्गज डब्ल्यू डब्यलू ई रेसलर जॉन सीना को यहां कैपिटल वन एरीना में हुए अपने अंतिम मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है । सीना को इस मैच में गनथर ने हराया । गनथर के सामने इस मुकाबले में सीना टिक नहीं पाये और उन्होंने हार मान ली । मैच के बाद सीना ने अपनी टी-शर्ट और रिस्टबैंड रिंग में छोड़ने और दर्शकों का अभिवादन करने के बाद रिंग से विदायी दे ली । इस मुकाबले में सीना ने अंतिम बार अपनी ताकत दिखाने का प्रयास किय पर गनथर के सामने उनकी एक न चली । इस मुकाबले के साथ ही सीना का 25 साल लंबा डब्ल्यू डब्यलू ई करियर समाप्त हो गया । इसमें सीना का बनाया हुआ गीत फ्र माय टाइम इज नाउफ्र बज रहा था । सीना के प्रतिद्वंदी गुंथर के नाम भी कई रिकार्ड हैं । वह डब्ल्यू डब्यलू ई इतिहास के सबसे लंबे समय तक इंटरकॉन्टिनेंटल चैंपियन रहे हैं और पूर्व विश्व हेवीवेट चैंपियन भी हैं । ऐसे में प्रशंसकों को एक रोमांच मुठभेड़ देखने को मिली । इसमें सीना पूरी ताकत से उतरे ।

सीना ने पहले ही साफ कर दिया था कि यह उनका आखिरी मैच है और इसके बाद वह सक्रिय रेसर के रूप में नहीं उतरेंगे । सीना ने कहा है कि मुझे अच्छा लगता है कि प्रशंसक सोचते हैं कि मैं फिर लौट सकता हूं हालांकि इस बार ऐसा नहीं होगा । उनके अनुसार यह मुकाबला उनके करियर का अंतिम मैच था । भले ही भविष्य में रेसलमेनिया जैसे बड़े इवेंट हों पर अब वह रिंग में नहीं उतरतेंगे । सीना को पीपल्स चैंपियन भी कहा जाता है । उन्होंने डब्ल्यू डब्यलू ई के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर इसे पूरी दुनिया में लोकप्रिय बनाया था । उन्होंने अपने फाउंडेशन के जरिए हजारों बीमार बच्चों की इच्छाएं पूरी कीं । इसी कारण रिंग के अंदर और बाहर, दोनों जगह उनके प्रशंसकों की भारी संख्या रही है । इसी कारण उनके विदायी मैच में प्रशंसक भावुक हो गये थे । इस दौरान कई दिग्गज सितारे भी दर्शकों में शामिल थे ।

# वैभव सूर्यवंशी जैसा टैलेंट, लेकिन एक चूक से शुरू होने से पहले खत्म हो गया करियर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट में जब भी कोई युवा बल्लेबाज अपने आक्रामक खेल से सुर्खियां बटोरता है, तो उससे बड़ी उम्मीदें जुड़ जाती हैं। आज वैभव सूर्यवंशी उसी दौर से गुजर रहे हैं। बेखौफ बल्लेबाज़ी, तेज स्ट्रोक्स और मैच का रुख पलटने की क्षमता ने उन्हें उभरते सितारे के रूप में स्थापित किया है। लेकिन यही खूबियां कभी एक और युवा बल्लेबाज़–पृथ्वी शॉ में भी नजर आती थीं। फर्क सिर्फ इतना है कि वैभव का सफर शुरू हो रहा है, जबकि पृथ्वी शॉ की कहानी एक चेतावनी बन चुकी है।

### वैभव सूर्यवंशी: आक्रामकता की नई पहचान

वैभव सूर्यवंशी अपनी अटैकिंग बल्लेबाज़ी के लिए पहचाने जाने लगे हैं। आईपीएल से लेकर अंडर-19 एशिया कप तक, उन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। यूएई के खिलाफ 95 गेंदों में 171 रनों की धमाकेदार पारी ने उन्हें अलग पहचान दी। नई गेंद हो या तेज गेंदबाज़, वैभव शुरुआत से ही दबाव बनाना जानते हैं। तेज फुटवर्क, शानदार कवर ड्राइव और दमदार पुल शॉट उनकी बल्लेबाज़ी की खासियत हैं।

### पृथ्वी शॉ का सपनों जैसा उदय

पृथ्वी शॉ का करियर किसी सपने से कम नहीं था। अंडर-19 वर्ल्ड कप में कप्तानी, टेस्ट डेब्यू में शतक और घरेलू क्रिकेट में रनों की बरसात–हर जगह उनका बल्ला बोल रहा था। उनकी आक्रामक शैली के चलते क्रिकेट जगत ने उन्हें ÷नेक्स्ट सुपरस्टार÷ तक कहना शुरू कर दिया था। लेकिन शुरुआती सफलता के साथ आया दबाव और शोहरत को वह संभाल नहीं पाए।

### अनुशासन की कमी बनी सबसे बड़ी वजह

जहां वैभव के सामने लंबा रास्ता है, वहीं पृथ्वी शॉ का करियर गलत फैसलों की भेंट चढ़ गया। खराब रूटीन, फिटनेस पर ध्यान न देना और मैदान के बाहर की जिंदगी को प्राथमिकता देना–इन सबका असर उनके खेल पर पड़ा। चयनकर्ताओं का भरोसा डगमगाया और धीरे-धीरे टीम इंडिया के दरवाज़े उनके लिए बंद होते चले गए। टैलेंट भरपूर था, लेकिन कमिटमेंट की कमी ने सब कुछ खत्म कर दिया।


### वैभव के लिए सबक

वैभव सूर्यवंशी आज उसी मोड़ पर खड़े हैं, जहां कभी पृथ्वी शॉ थे। फर्क बस इतना है कि इतिहास अब सामने है। पृथ्वी शॉ की कहानी वैभव के लिए चेतावनी है कि सिर्फ प्रतिभा से करियर नहीं बनता। अनुशासन, फिटनेस, सही संगत और फोकस ही किसी खिलाड़ी को लंबी रेस का घोड़ा बनाते हैं।

### निष्कर्ष

भारतीय क्रिकेट ने कई ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी देखे हैं, जो उम्मीदों का बोझ नहीं संभाल पाए। पृथ्वी शॉ का टैलेंट वैभव सूर्यवंशी से कम नहीं था, लेकिन एक छोटी सी चूक ने उनके करियर की दिशा बदल दी। अब यह वैभव पर निर्भर करता है कि वह इतिहास से सबक लेकर खुद को भारतीय क्रिकेट का सच्चा भविष्य बनाते हैं या नहीं।






# जयश्री के पोस्टर पर मिली प्रतिक्रिया से गदगद हुईं तमन्ना भाटिया

इस साल कुछ बायोपिक फिल्में रिलीज हो चुकी हैं, और कुछ रिलीज के लिए बाकी हैं, लेकिन कुछ ही ऐसी होती हैं जो चर्चा का विषय बन पाती हैं। वी. शांताराम भी इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण फिल्म होगी, जो हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर को फिर से जीवंत करेगी। दरअसल, यह फिल्म बीते जमाने के महान निर्देशक वी. शांताराम के जीवन पर आधारित है, जिनका किरदार अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी निभा रहे हैं। वहीं, फिल्म में वी. शांताराम की पत्नी जयश्री का किरदार अभिनेत्री तमन्ना भाटिया निभा रही हैं। हाल ही में मेकर्स ने अभिनेत्री के पहले लुक की तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें वे गुलाबी रंग की साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आ रही थीं। यह लुक पुराने दौर के भारतीय सिनेमा की याद दिला रहा था।

अभिनेत्री का लुक रिवील होने के बाद प्रशंसकों समेत इंडस्ट्री के कई लोगों ने तारीफ की थी। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके लिखा, जयश्री जी के पोस्टर पर प्यार मिला, वह पूरी अभिनेत्री का है। उनकी शालीनता, सुंदरता और विरासत को मेरा सलाम। जब मैंने फिल्म को लेकर हां कहा है, तब से ही जयश्री से मेरा लगाव गहरा हो गया था। वी. शांताराम की सोच ने अपने समय से बहुत आगे बढ़कर सिनेमा को नया रूप दिया था। उन्होंने लिखा, जयश्री बनने ने मुझे जितना सिखाया है, मैंने सोचा भी नहीं था और अब मैं इस यात्रा के आगे आने वाले हर अनुभव का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। अभिनेत्री की पोस्ट उनके फैंस और साथी कलाकारों को काफी पसंद आ रही है। वे कमेंट सेक्शन में तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने हार्ट इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी।





# आलिया भट्ट को मिला गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। एक्ट्रेस को रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। आलिया को ट्यूनीशियाई अभिनेत्री हेंड सबरी के साथ एक समारोह में सम्मानित किया गया, जिन्हें उमर शरीफ अवॉर्ड से नवाजा गया। रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का पांचवां संस्करण सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित किया जा रहा है।

## आलिया ने जताई खुशी

गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड जीतने पर खुशी जताते हुए आलिया ने कहा कि गोल्डन ग्लोब्स द्वारा सम्मानित होना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं दुनिया भर में फिल्म और टेलीविजन में बदलाव ला रही महत्वाकांक्षी कलाकारों और महिलाओं की नई पीढ़ी की ओर से बोलने का मौका मिलने के लिए आभारी हूं। ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर प्रभावशाली कहानियों को बताने के लिए लोग एकजुट हो रहे हैं, यह सम्मान वाकई काफी महत्वपूर्ण बन जाता है।

## गोल्डन ग्लोब की अध्यक्ष ने की आलिया की प्रशंसा

इस मौके पर गोल्डन ग्लोब्स की अध्यक्ष हेलेन होहेन ने कहा कि हमें आलिया भट्ट को गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में उनके असाधारण योगदान के लिए है। साथ ही वैश्विक मंच पर फिल्म व टेलीविजन के एक गतिशील और प्रभावशाली केंद्र के रूप में मिडिल ईस्ट के लगातार आगे बढ़ने का जश्न मनाता है।

## 'अल्फा' में नजर आएंगी आलिया

वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया भट्ट जल्द ही यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स की आगामी फिल्म 'अल्फा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ शरवरी वाघ और बॉबी देओल भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। आलिया आखिरी बार फिल्म 'जिगरा' में नजर आई थीं।



# डिजिटल क्रिएशन पर बोलीं प्राजक्ता कोली

यूट्यूबर और एक्ट्रेस प्राजक्ता कोली ने साफ कहा है कि डिजिटल कंटेंट क्रिएशन का दौर न तो खत्म हुआ है और न ही धीमा पड़ा है, बल्कि पिछले दस साल में यह पहले से कहीं ज्यादा बड़ा, तेज और अनिश्चित हो गया है। बातचीत में जब उनसे पूछा गया कि क्या सोशल मीडिया अब इन्फ्लुएंसर-डॉमिनेटेड हो गया है और कंटेंट क्रिएटर्स की शेल्फ लाइफ खत्म हो रही है, तो प्राजक्ता ने कहा, मुझे बिल्कुल ऐसा नहीं लगता। यह कम नहीं हुआ है, बस बदल गया है। दस-ग्यारह साल पहले जब हमने काम शुरू किया था, तब सिर्फ लॉन्ग-फॉर्म वीडियो चलते थे। आज लोगों का अटेंशन बस बंट गया है। आज कई नए-नए प्लेटफॉर्म्स आ गए हैं। प्राजक्ता ने साल 2017 के डिजिटल बूम को गेम-चेंजर बताया। उन्होंने कहा, उसी बूम की वजह से आज भारत में इतना काम है कि पहले से कहीं ज्यादा क्रिएटर्स मौजूद हैं। यही कारण है कि आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल इकॉनमी बन चुका है। हर बड़ा ब्रांड, हर बड़ी कंपनी भारत की तरफ देख रही है और हमारे साथ काम करना चाहती है।

क्रिएटर बनने की जर्नी को उन्होंने पूरी तरह अनप्रेडिक्टेबल बताया। प्राजक्ता ने कहा, इस इंडस्ट्री में कोई तय रोडमैप या ब्लूप्रिंट नहीं होता। यह एक रोलरकोस्टर राइड है। कभी लगता है कि तीन-चार अच्छे वीडियो बन गए, जिंदगी सेट हो गई। फिर पांचवां वीडियो आते-आते सब बदल जाता है। इस पागलपन में कोई पैटर्न नहीं, कोई रिदम नहीं। सब कुछ खुद ही करना पड़ता है। उन्होंने यह भी माना कि पिछले दस साल में उनकी सबसे बड़ी सीख यही रही है कि बदलाव को जल्दी अपनाना जरूरी है।

उन्होंने बताया, मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण रहा यह समझना कि इस समय कौन-सी चीज चल रही है, कौन सी चलनी बंद हो गई और फिर बिना रुके अगली चीज की तरफ बढ़ जाना। प्राजक्ता का मानना है कि डिजिटल स्पेस का सफर जितना चुनौतीपूर्ण है, उतना ही रोमांचक भी है।



# 'धुरंधर' के सीक्वल में अपने किरदार पर आर माधवन ने दिया अपडेट

आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा रही है। फिल्म की कहानी से लेकर कास्टिंग तक की काफी चर्चा की जा रही है। इस मल्टी स्टारर फिल्म में आर माधवन ने इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक अजय सान्याल का किरदार निभाया है। 'धुरंधर' के बाद अब दर्शक फिल्म के सीक्वल को लेकर उत्साहित हैं, जिसकी घोषणा मेकर्स ने फिल्म के अंत में ही कर दी है। अब आर माधवन ने फिल्म के सीक्वल और अजय सान्याल के अपने किरदार को लेकर बड़ा हिंट दिया है।


## दूसरे पार्ट में ज्यादा होगा माधवन का किरदार

बातचीत के दौरान आर माधवन ने फिल्म के निर्देशक आदित्य धर की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि आदित्य धर एक साधु हैं। इतनी सघन और गहन फिल्म बनाने की सारी उथल-पुथल के बीच वह चिंताओं को शांत करने के लिए वहीं बैठे रहते हैं। 'धुरंधर' में आदित्य के साथ काम करने के बाद मैं उनके साथ बार-बार काम करना चाहता हूं। वहीं फिल्म के सीक्वल और अपने किरदार को लेकर माधवन ने कहा कि पहले पार्ट में मेरी स्क्रीन प्रजेंस सीमित है। लेकिन मार्च में रिलीज होने वाले दूसरे भाग में मेरे किरदार की झलक साफ दिखाई देगी, क्योंकि वह रणवीर के किरदार को जासूस बनाने के लिए ट्रेनिंग देते हैं।

इस साल माधवन ओटीटी से लेकर सिनेमाघरों तक कई फिल्मों और सीरीज में नजर आए हैं। इस साल अपने काम को लेकर माधवन ने कहा कि मैंने साल की शुरुआत 'हिसाब बराबर' से की थी। जबकि साल का अंत 'धुरंधर' के साथ कर रहा हूं, जो मेरे करियर की सबसे अहम फिल्मों में से एक है। मुझे अपने करियर के सबसे क्रिएटिव दौर में सर्वश्रेष्ठ निर्देशकों के साथ काम करने का मौका मिला। मणिरत्नम, कमल हासन, राजकुमार हिरानी, राकेश ओमप्रकाश मेहरा, आनंद एल राय और अब आदित्य धर। मैं इससे ज्यादा और कुछ नहीं मांग सकता था।

## 19 मार्च 2026 को आएगा फिल्म 'धुरंधर' का अगला पार्ट

आदित्य धर द्वारा निर्देशित 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म पांच दिनों में ही 142 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है। इस स्पाई-थ्रिलर फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन और संजय दत्त भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। सच्ची घटनाओं से प्रेरित इस फिल्म का अगला पार्ट 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगा।




# फिल्म 'टेढ़ी है पर मेरी हैं' में जितेंद्र कुमार के साथ इश्क फरमाएंगी आरजे महवश

सोशल मीडिया एन्फ्लुएंसर और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की गर्लफ्रेंड आरजे महवश अब बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनकी पहली फिल्म 'टेढ़ी है पर मेरी है' की घोषणा आज हो गई है। इस फिल्म को कोरियोग्राफर और निर्देशक रेमो डिसूजा प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म की घोषणा करते हुए एक अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया गया है।

## जितेंद्र कुमार के साथ बनेगी महवश की जोड़ी



फिल्म को प्रस्तुत करने वाले कोरियोग्राफर-निर्देशक रेमो डिसूजा ने फिल्म का अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में जितेंद्र कुमार की आवाज में वॉइस ओवर है, जो फिल्म में लीड रोल निभा रहे हैं। फिल्म में जितेंद्र कुमार गुलाब हकीम के किरदार में नजर आएंगे, जबकि आरजे महवश नगमा का किरदार निभाएंगी। हालांकि, आरजे महवश की झलक अभी नहीं दिखी है। वहीं जितेंद्र कुमार भी सिर्फ एक तस्वीर में नजर आए हैं। वीडियो में सिर्फ फिल्म के मेकर्स और कास्ट का खुलासा हुआ है। अनाउंसमेंट वीडियो में जितेंद्र कुमार गुलाब और नगमा की मोहब्बत की कहानी का परिचय देते हैं।

पर्दे पर दिखेगी गुलाब और नगमा की अनोखी मोहब्बत
इस अनाउंसमेंट वीडियो को शेयर करते हुए रेमो डिसूजा ने कैप्शन में लिखा है, 'गुलाब और नगमा की मोहब्बत। एक ऐसी मोहब्बत जिसमें जान कम है, लेकिन जुनून ज्यादा है। गुलाब में मोहब्बत का कीड़ा है और नगमा में एक कुदरत का। दिल धड़कता है, कहानी मोड़ लेती है और प्यार जिद दिखाता है और उसी जिद में दिल धड़कते हैं।



# धनुष से सीखा कम बोलकर भी एक्ट में डूब जाना...



**धनुष की फिल्म तेरे इश्क में चर्चा में है। इसमें मिर्जापुर फेम प्रियांशु पेन्युली भी हैं। उनसे हुई खास बातचीत...**

## तेरे इश्क में आनंद एल राय और धनुष के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

यह मेरे लिए आशीर्वाद जैसा था। दरअसल कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा की कंपनी से फोन आया कि राइटर हिमांशु शर्मा और डायरेक्टर आनंद एल राय आपसे मिलना चाहते हैं। जैसे ही उन्होंने कहा कि यह धनुष के साथ उनकी अगली फिल्म हो सकती है, मैंने कहा, अब इसमें सोचना क्या है? जब आपको आनंद सर, हिमांशु, प्रकाश राज सर और कृति सेनन जैसे एक्टर्स के साथ काम करने का मौका मिलता है, तो आप ज्यादा सोचते नहीं, बस भगवान को धन्यवाद कहते हैं। मैंने भी ऑफर मिलते ही वही किया। बाकी कृति कमाल की परफॉर्मर हैं।

## आपके किरदार वेद को लेकर क्या कोई खास निर्देश दिए गए थे?

मेरे पहले दिन का सीन इलेक्शन वाले लड़कों के पीछे भागने का था। आनंद सर ने कहा...बाहरी तौर पर यह गुंडा दिखता है, पर अंदर से मासूम है। वेद और शंकर यूपीएससी का फुल फॉर्म नहीं जानते, लेकिन बनते हैं कि हम सबसे बेस्ट हैं।

## धनुष की एक्टिंग टेक्निक में क्या खास लगा?

धनुष सर के साथ कुछ पता ही नहीं चलता। मुझे मुझे उनसे जो सीखने को मिला वह यह कि कम बोलकर भी कैसे एक्ट में डूब या छा जाया जाता है। हम दोनों ने एक ही हॉलीवुड प्रोड्यूसर के साथ काम किया है, तो उस पर भी काफी बातें हुई।

## प्रकाश राज भी हैं इसमें। सीरियस टॉपिक पर बातें हुई?

प्रकाश सर बहुत मजेदार आदमी हैं। वह 5-6 भाषाएं जानते हैं। उनकी एनर्जी कमाल की थी। मैं उनसे सीखता था कि अलग-अलग इंडस्ट्री में काम करने का क्या अंतर होता है।

## फिल्म काफी इंटेंस है पर शूट के दौरान क्या माहौल रहता था?

कभी पता ही नहीं चलता था कि हम इतनी इंटेंस फिल्म शूट कर रहे हैं। यह सब हुआ आनंद सर के कैप्टन ऑफ द शिप बनने के कारण। वह पूरे क्रू को बेटा या बेटी कहकर बुलाते हैं। उनसे रहने से फैमिली वाली फीलिंग आई।

## मिर्जापुर 3 सीरीज में रॉबिन के किरदार मरना कितना जरूरी था?

जब मैंने पहली बार सुना था तो मेकर्स से कहा...ये क्या बात हुई, क्यों मार दिया? अब तो सब सही चल रहा था। शादी हो गई है, यह अपना बिजनेस बंद कर रहा है, सुधर रहा है लेकिन मुझे लगता है कि यह ओवरऑल एक शॉक एलिमेंट था कि गुड्डू अपनी ही फैमिली को बर्बाद कर सकता है। जब हमने आखिरी सीन शूट किया, तब मैं समझा कि क्यों ऐसा हुआ। रॉबिन तो हमेशा ही अमर है। वह एक ऐसा कैरेक्टर है जो लोगों के दिलों में छा चुका है। रॉबिन पर एक अलग स्पिन-ऑफ बन सकता है।

## निर्देशक गुरमीत से या किसी और से बात हुई कि फिल्म क्यों ला रहे हैं?

मुझे लगता है यह एक अच्छा प्रयास है। मिर्जापुर एक ऐसा शो है जिसमें हर किरदार की अपनी फैन फॉलोइंग है। सिनेमा में लाना शायद इसलिए हो सकता है कि लोग इन किरदारों को बड़े परदे पर देखना चाहें।



स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।